वर्ष 24, अंक 318, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 25 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य- मोदी

## टीम इंडिया की तरह काम करें तो...

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को हुई। गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय है 'विकसित भारत@2047 के लिए विकसित राज्य'। नीति आयोग की सर्वोच्च संस्था परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी है। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत भी विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान कर- के प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें




भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ यह पहली बड़ी बैठक है। बयान के अनुसार, विकसित भारत के लिए विकसित राज्य का विचार राज्यों से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जुड़े साहसिक, दीर्घकालिक और समावेशी विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान है, जो स्थानीय वास्तविकताओं पर आधारित हों। इसमें कहा गया है, "इन विजनों में समयबद्ध लक्ष्य शामिल होने चाहिए।" आम तौर पर, पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है और पिछले साल यह 27 जुलाई को हुई थी।

## विपक्षी CMs संग चाय पर चर्चा, हंसी ठहाके भी खूब लगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में नीति आयोग की बैठक के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की। इस दौरान वह चाय की चुस्की का आनंद लेते हुए भी नजर आए। विपक्ष शासित मुख्यमंत्रियों के



साथ प्रधानमंत्री की हंसते-मुस्कुराते फोटो सामने आईं।

कई तस्वीरें ऐसी भी आई जिसमें पीएम मोदी गर्मजोशी से विपक्षी मुख्यमंत्री से मिल रहे हैं। तस्वीरों में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पीएम मोदी पीठ थप-थपाते हुए भी नजर आ रहे हैं। वही भगवंत मान के साथ उनके अच्छी चर्चा भी दिख रही है। हालांकि, सभी मुलाकातों में एक सामान्य चीज यह रही कि प्रधानमंत्री के साथ हमेशा चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। हाल में देखें तो केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच तनातनी की स्थिति देखने को मिली। आज एमके स्टालिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बॉन्डिंग भी अच्छी लगी जब दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ भारत की शत्रुता के बाद प्रधानमंत्री की राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ यह पहली बैठक थी। पर्यटन की पिच से पता चलता है कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बावजूद सरकार बेपरवाह बनी हुई है। आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद पर्यटकों का पलायन शुरू हो गया है। इस बैठक में पुडुचेरी, कर्नाटक और केरल के दक्षिणी मुख्यमंत्रियों ने भाग नहीं लिया। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के मुख्यमंत्री - एन चंद्रबाबू नायडू, एमके स्टालिन और रेवंत रेड्डी - मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सुखू भी बैठक में शामिल हुए।

पीएम मोदी ने केंद्र और राज्यों से 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए "टीम इंडिया" के रूप में मिलकर काम करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए।

## आतिशी ने रेखा गुप्ता को लिखा पत्र, बोलीं- चार इंजन की सरकार के बावजूद जल संकट

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के जल संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए समय मांगा है। दिल्ली के सीएम को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रेखा गुप्ता दिल्ली के लोगों से जुड़े बेहद गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि मैं आपको यह पत्र राजधानी दिल्ली में व्याप्त भीषण जल संकट के बारे में लिख रही हूँ। अभी तो मई का महीना ही है, गर्मी का असली प्रकोप अभी आना बाकी है और दिल्ली के लोग पहले से ही पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं। आतिशी ने कहा कि पूरे शहर में लोग पानी की कमी के कारण परेशान हैं। पानी के टैंकरों के सामने लाइन में खड़ी महिलाएं, बाल्टी और बर्तन लेकर इंतजार कर रहे बच्चे और पीने के पानी के लिए बाजार से पानी की बड़ी बोतलें खरीदते परिवार- ये दृश्य तेजी से दिल्ली की नई पहचान बनते जा रहे हैं।

## पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बच्चों का बढ़ाया हौसला, बोले- अब डरने की जरूरत नहीं

**पुंछ**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुंछ के एक स्कूल का दौरा किया और पाकिस्तान की सीमा पार से हो रही गोलाबारी से प्रभावित छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब, आपने खतरा और थोड़ी भयावह स्थिति देखी है, लेकिन चिंता न करें, सब कुछ सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने का आपका तरीका यह होना चाहिए कि आप खूब पढ़ाई करें और खूब खेलें और स्कूल में ढेर सारे दोस्त बनाएं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी थी और इसमें कई लोगों की जान चली गई। बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। मैंने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं

**22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता का यह दूसरा केंद्र शासित प्रदेश दौरा है**

को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अनुरोध किया है और मैं ऐसा करूंगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस महीने की शुरूआत में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से मिलने के लिए शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का दौरा किया।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता का यह दूसरा केंद्र शासित प्रदेश दौरा है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। गांधी ने 25 अप्रैल को आतंकी हमले में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए श्रीनगर का दौरा किया था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कई हितधारकों से भी मुलाकात की थी। शनिवार की सुबह गांधी जम्मू हवाई अड्डे पर पहुंचे और सीमा पार




से गोलाबारी से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और शोक संतप्त परिवारों से मिलने के लिए हेलीकॉप्टर से पुंछ के लिए रवाना हुए।

## इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

### शुभमन गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, ऋषभ पंत को मिली ये जिम्मेदारी

**नई दिल्ली**

**शुभमन** गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने शनिवार 24 मई को मुंबई में सीनियर चयन समिति की बैठक के दौरान इस निर्णय की पुष्टि की। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बोर्ड मुख्यालय में बैठक कर इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम का चयन किया। इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल के डिप्टी के तौर पर ऋषभ पंत को चुना गया।




टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव शामिल हैं। गिल ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। गिल को जसप्रीत बुमराह से आगे चुना गया है, जिन्होंने पहले ही तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है, जिसमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित की अनुपस्थिति में दो मैच शामिल हैं। 25 साल की उम्र में, गिल हाल के वर्षों में यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। हालाँकि उनके पास लाल गेंद के प्रारूप में कप्तानी का अनुभव नहीं है। गिल इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स की कप्तानी भी कर रहे हैं।

## शिमला के पास फटा बादल, पानी के सैलाब ने मचाई तबाही, 10 गाड़ियों के बहने की आशंका

**हिमाचल**

**हिमाचल** प्रदेश के कई जिलों में शनिवार शाम को जमकर बारिश हुई है। राजधानी शिमला के रामपुर में बादल भी फटा है। रामपुर के पास जगातखाना में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। कई वाहनों के बहने की आशंका है। मौके पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

बादल फटने की घटना ने मचाई तबाही

शनिवार शाम आज 6 बजे के करीब रामपुर के साथ लगते जगातखाना क्षेत्र में अचानक बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई है। स्थानीय लोगों के



अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा के चलते भारी मात्रा में मलबा आया, जिससे कई वाहन बह गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लगभग 10 गाड़ियों के बहने की आशंका जताई जा रही है।

बाढ़ और मलबे के कारण यातायात बाधित

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम करीब 6 बजे तेज गर्जना और मूसलाधार बारिश के साथ अचानक पानी और मलबे का सैलाब आया था। पानी के इस सैलाब ने देखते ही देखते सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को अपने साथ बहा लिया।

## भगवंत मान ने केन्द्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली। पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। राज्य में पानी की गंभीर स्थिति के मद्देनजर सतलुज यमुना लिंक नहर के बजाय यमुना-सतलुज-लिंक नहर के निर्माण के विचार पर जोर देते हुए ।

### गुजरात में भारतीय सीमा पर कड़ी सुरक्षा के बीच

## पाकिस्तानी घुसपैठिए ने घुसने की कोशिश, बीएसएफ ने मार गिराया

**गुजरात**

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार रात गुजरात के बनासकांठा जिले में भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा बाड़ के पास आते देखा। जब उसे चुनौती दी गई, तो घुसपैठिए ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया और आगे बढ़ना जारी रखा, जिससे सैनिकों को गोलीबारी करनी पड़ी। उसे मौके पर ही मार गिराया गया।

एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बल के सतर्क जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को शुक्रवार रात बनासकांठा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा बाड़ की ओर बढ़ते देखा।

विज्ञप्ति में कहा गया है, उन्होंने घुसपैठिए से रुकने को कहा लेकिन इसके बावजूद वह आगे बढ़ता रहा जिसके बाद जवानों ने गोलियां चला दीं। घुसपैठिए को मौके पर ही मार गिराया गया।

यह घटना भारत की आतंकवाद



विरोधी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान द्वारा लगातार सीमा पार दुस्साहस के बाद सीमा पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ प्रमुख आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया और उन्हें नष्ट कर दिया गया।

यह 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रमुख अड्डा शामिल था, जो दोनों मुख्य भूमि पाकिस्तान में स्थित हैं।

## आतंक के सामने चुप नहीं बैठेंगे...,

### गुयाना के लिए रवाना हुआ शशि थरूर के नेतृत्व वाला डेलीगेशन

**नई दिल्ली- कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने शनिवार की सुबह एक बार फिर कहा कि आतंकवाद की घटनाओं से भारत चुप नहीं रहेगा। आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत पांच देशों में उच्च स्तरीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर दिल्ली से रवाना होने से पहले बोल रहे थे। कांग्रेस नेता ने इस मिशन को शांति और उम्मीद का मिशन बताया, जिसका उद्देश्य वैश्विक समर्थन जुटाना और सीमा पार आतंकवाद में पाकिस्तान की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित



करना है। थरूर ने कहा कि सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। हम वहां लोगों को यह समझाने जा रहे हैं कि हमारा अनुभव क्या था और हमने जो किया (ऑपरेशन सिंदूर) वह क्यों किया। और, भविष्य में हमारा रवैया ऐसा क्यों रहेगा।

# आरपीएफ ने रेलयात्री महिला का लाखों रुपए का जेवरात और सामान किया वापस

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** आरपीएफ प्रभारी जंघई द्वारा प्रयागराज जंक्शन पर देर रात्रि ट्रेन में भूलवश छोड़े गए महिला के लाखों रुपए के जेवरात और सामान बरामद करके जंघई जंक्शन पर वापस किया गया। अपना पूरा सामान मिलते ही उक्त महिला और परिजनों ने आरपीएफ प्रभारी जंघई आलोक तिवारी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार रेखा देवी पत्नी अवधेश कुमार शुक्ल गुजरात से ओखा एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22969 से एचवन कोच में 10 नंबर बर्थ पर प्रथम श्रेणी में आरक्षण करवाकर गुजरात से प्रयागराज शुक्रवार की रात में करीब 11 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर उतर गई। जल्दबाजी में उतरते समय वे अपना बैग अपने बर्थ पर ही भूल गईं कुछ समय पश्चात ट्रेन प्रयागराज रेलवे स्टेशन से छूट गई तब उन्हें होश आया कि मेरा बैग ट्रेन में छूट गया है। इस पर उन्होंने सारे प्रकरण की जानकारी कंट्रोल रूम को दिया और कंट्रोल रूम ने तत्परता दिखाते हुए आरपीएफ विभाग जंघई को अवगत कराया जैसे ही उक्त ट्रेन रात 12 बजकर 48 मिनट पर जंघई रेलवे स्टेशन पर रूकी तो आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक कुमार तिवारी अपने हमराहियों कैलाश नाथ, भरत कुमार को अपने साथ लेकर उक्त बोगी में पहुंच कर सकुशल बैग को अपने कब्जे में ले लिया और मिले मोबाइल नंबर पर परिजनों को इससे अवगत कराते हुए बैग ले जाने की सूचना दी। शनिवार सुबह रेखा देवी और उनके पुत्र आशुतोष शुक्ला पुत्र अवधेश कुमार शुक्ल निवासी सोनई, पोस्ट अवता मेजा, थाना मेजा रोड, जिला प्रयागराज जंघई आ गए। बताया कि हजारों की नगदी समेत सोने का हार, सोने का झुमका, चांदी की पेटी, सोने की चूड़ी, मिक्सर, बीस साड़ी व अन्य सामान सारी औपचारिकताएं पूरी करके पीड़ित को वापस मिल गया। वे लोग आरपीएफ विभाग के प्रति अपना हर्ष व्यक्त करते हुए सामान लेकर घर के लिए रवाना हो गए।


महिला के परिजनों को जेवर व सामान वापस करती आरपीएफ जंघई

# मौत पर मचा हड़कंप : डीएम के आदेश पर अस्पताल की मान्यता निलंबित, ओटी व पैथोलॉजी सील

## लापरवाही के आरोप में नारीबारी अस्पताल पर प्रशासन की हुई बड़ी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** पथरी के इलाज के दौरान मरीज की संदिग्ध मौत और इलाज में लापरवाही के आरोपों ने प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ कार्यालय की मेडिकल टीम ने नारीबारी स्थित विवादित निजी अस्पताल पर छापा मारकर बड़ा कदम उठाया।

एडिशनल सीएमओ डॉ. आर.सी. पांडेय ने बताया कि आठ सदस्यीय मेडिकल टीम ने मौके पर पहुँच कर अस्पताल की गहन जांच की, जिसमें कई अनियमितताएँ पाई गईं। तत्काल प्रभाव से अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया गया है। साथ ही ऑपरेशन थिएटर,

### मरीजों को तत्काल अस्पताल खाली करने का निर्देश

पैथोलॉजी, फामेर्सी और अन्य संबंधित विभागों को सील कर दिया गया।टीम ने मौके पर मौजूद मरीजों और परिजनों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल दो दिन के भीतर पूरी तरह खाली कर दिया जाए, क्योंकि यहाँ इलाज की अनुमति अब नहीं है।

गौरतलब है कि 23 मई को इलाज के दौरान कोरांव निवासी चंद्रिका प्रसाद प्रजापति नामक मरीज की मौत हो गई थी। परिजनों ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चक्का जाम कर दिया था। मामले ने तब तूल पकड़ा जब सोशल मीडिया और स्थानीय जनता में आक्रोश बढ़ा, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।एक ओर जहाँ पुलिस ने सड़क जाम करने वालों पर एफआईआर दर्ज की है, वहीं अब स्वास्थ्य विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

### सड़क जाम करने पर तीन दर्जन लोगों पर एफआईआर

**शंकरगढ़।** नारीबारी स्थित निजी अस्पताल में युवक की मौत के मामले में शुक्रवार को हुए सड़क जाम पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को कार्रवाई की। थानाध्यक्ष शंकरगढ़ ओमप्रकाश ने बताया कि सड़क जाम और शांति भंग करने के आरोप में लगभग तीन दर्जन अज्ञात और नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।यह प्रदर्शन कोरांव के ग्राम चिराव निवासी चंद्रिका प्रसाद प्रजापति की मौत के बाद किया गया था, जिनकी 23 मई को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारीबारी अस्पताल के सामने शव रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया था। प्रदर्शन के बाद एसीपी बारा कुंजलता और थाना प्रभारी ओमप्रकाश की मध्यस्थता के बाद मामला शांत हुआ। मृतक के परिवार में पत्नी सहित छह बच्चे हैं, जिनकी हालत बदहवास है।

# मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी


रधईपुर-महरछा गांव में श्रीरामचरितमानस पाठ कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**जंघई।** परिवार, समाज, क्षेत्र के मंगलकामना हेतु अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्रीराम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरितमानस का अखंड पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है। जीवन की मंगल कामना के लिए किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। इसी क्रम में रधईपुर-महरछा गांव निवासी जय प्रकाश तिवारी के निवास पर शनिवार को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर परिजनों में विद्यामणि तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी, मनीष तिवारी, संजय तिवारी, प्रदीप तिवारी, दिनेश तिवारी मुन्ना, सतीश तिवारी, दीपेश तिवारी एवं आगंतुकों में भदोही जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध तिवारी, राजू पांडेय बीडीसी, पप्पू तिवारी समाजसेवी, गुलाबधर तिवारी साहब नेता, बृजेश मिश्रा, आचार्य मुनीम पांडेय, मनमोहन पांडेय, हरिओम पांडेय, अरुण दुबे, बृजेश मिश्रा, कृष्णराज शुक्ला, अंशू मिश्रा, बाबा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तहसीलदार की गाड़ी की टक्कर से ई-रिक्शा में बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** घूरपुर क्षेत्र के अमरेहा गांव सब्जी मंडी के पास की है जहां पर तहसीलदार की गाड़ी UP70 AG 3924 ने सामने से आ रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक एवं उसमें बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा निजी साधन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने इलाज कर एक महिला की हालत गंभीर देखते हुए एस। आर एन प्रयागराज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि रिंकू पासवान 27 वर्ष पुत्र तुलसीदास निवासी गढ़ैया कला जारी अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने बड़ी मां बेला कली 55 वर्ष पत्नी दयाराम, बहन पिंकी 26 वर्ष, जीजा श्याम निरंजन 27 वर्ष व भांजा प्रेम कुमार 10 माह निवासी घूरी के साथ ई रिक्शा से पांडर जा रहे थे। जैसे ही नवीन मंडी स्थल जसरा के पास पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार आ रही तहसीलदार बारा की गाड़ी UP70 AG 3924 ने दूसरी गाड़ी को ओवर टेक करते हुए ई रिक्शा में सामने से टक्कर मार दिया । जिससे ई-रिक्शा में बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई । स्थानीय लोगों द्वारा निजी साधन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचाया। जहां पर बेला कली की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने एस आर एन प्रयागराज रेफर कर दिया। वहीं और सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में चल रहा है।


गाड़ी से टक्कर लगने के बाद घायल अवस्था में ई-रिक्शा की सवारियां


हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भारी भीड़


हादसे में घायल लोग

# भारतीय सेना के अदम्य साहस के समर्थन में हण्डिया से निकली जोरदार तिरंगा यात्रा रैली

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** प्रयागराज जनपद के कस्बा हण्डिया में भारतीय सेना के अदम्य साहस के चलते पाकिस्तानियों को धूल चटाने एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता मिलने पर भाजपाइयों द्वारा जोरदार तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा रैली जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ वी के सिंह के नेतृत्व में निकाली गई । तिरंगा यात्रा रैली का शुभारंभ कस्बा हण्डिया के पिलर नम्बर 8 से किया गया जो मुंशीगंज बाजार से होते हुए हण्डिया कोतवाली के सामने जाकर समाप्त हुई। इस दौरान हाथों में तिरंगा झंडा लेकर चल रहे लोगों द्वारा पाकिस्तान मुदार्बाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा रैली में समर्थकों में एक अलग तरह का जोश दिखाई पड़ रहा था। तिरंगा यात्रा रैली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जोरदार भागीदारी रही। तिरंगा यात्रा रैली में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार उर्फ लल्ले सिंह, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सैफुल अब्बास, काशी प्रान्त प्रभारी मनु त्रिपाठी, पूर्व विधायक प्रशांत कुमार सिंह राहुल, जिला प्रभारी उत्तर कुमार मौर्य, प्रणव त्रिपाठी, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, जिला मंत्री महेश चंद्र पांडेय, अल्पसंख्यक पसमांदा समाज जिलाध्यक्ष नूरैंन अहमद गुड्डू , ब्लाक प्रमुख हण्डिया महेंद्र कुमार सिंह मुन्ना, ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेन्द्र पटेल, ब्लाक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव, ब्लाक अध्यक्ष हण्डिया राकेश कुमार बिन्द, ब्लाक अध्यक्ष सैदाबाद हीरेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कटहरा मनोज बिन्द, ब्लाक अध्यक्ष धनूपुर वीरेंद्र कुमार मौर्य, ब्लाक अध्यक्ष बरौत अनुज तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा मडल अध्यक्ष गुलाम तैयब अंसारी, महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा हलीम अंसारी, शोध प्रमुख मोहम्मद शफीक, मुनीर शाह, सईद शाह, डॉ रिंकू वर्मा समेत भाजपा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।


तिरंगा यात्रा रैली निकालते लोग

# दलित महिला को दबंगों ने पीटा, तहरीर

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के दांदूपुर निवासिनी आरती देवी वर्मा पत्नी राजेश कुमार का आरोप है कि वह शनिवार को अपने घर पर अकेली बैठी थी। तभी सुबह करीब 8 बजे गांव के ही कुछ भू-माफिया उसके सेहन दरवाजे के पास खाली सरकारी पुरानी आबादी की भूमि पर जबरन गुंडई के बल पर पिलर गाड़ने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसको करीब आधा दर्जन महिला पुरुष मिलकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दिए तथा लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दिए। डर के कारण जब वह घर में भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को पीटा जिससे महिला घायल हो गई। तथा हाथ पैर व शरीर में जमकर चोटें आई। पीड़ित महिला ने सोरांव थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग किया है।

# शांति और सुरक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसीपी व टीम सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज नगर सर्किल कोतवाली क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, यातायात एवं अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय कार्य के लिए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कोतवाली प्रयागराज मनोज कुमार सिंह एवं उनकी टीम को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ द्वारा सम्मानित किया गया।

समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने श्री सिंह को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उनकी टीम के 17 अधीनस्थ पुलिसकर्मियों एवं समिति के चयनित सदस्यों को भी उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी पत्रावली के माध्यम से प्रस्तुत की गई और अनुरोध किया गया कि अधीनस्थ अधिकारियों को समिति से समन्वय बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएँ। एसीपी मनोज कुमार सिंह ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।समिति के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया। उनके साथ विधि सलाहकार लक्ष्मीकांत मिश्रा एडवोकेट, जनसंपर्क अधिकारी शोएब आलम, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी अजीत कुमार सिन्हा सहित फैयाज अली फैजी, यासीन अहमद, शेख मोहम्मद हलीम, इरफान अहमद, राकेश शर्मा, फैजानुद्दीन अंसारी, आर. ए. फारुकी, सरवन कुमार गौड़, मोहम्मद राजू, अर्जुन सिंह एवं संदीप सोनी उपस्थित रहे।


शांति और सुरक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसीपी को सम्मानित करते हुए

### महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी निवासी स्वाति जायसवाल पुत्री अशर्फीलाल जायसवाल ने कौंधियारा थाने में एक शिकायती पत्र दिया जिसमें उसने बताया कि की चार वर्ष पूर्व ग्राम पथरौडा थाना जवा, जिला रीवा निवासी अजय जायसवाल पुत्र शिवनंदन जायसवाल के साथ उसकी शादी हुई थी। पीड़िता के पिता ने शादी में कर्ज लेकर शादी में लाखों रुपए खर्च किए थे।शादी के दो से तीन महीने में ही पति, सांस एवं ससुर ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। गुरुवार को उसका पति अजय जायसवाल अपने दो दर्जन साथियों के साथ बोलेरो व बाइक से असलहा लहराते हुए उसके घर में घुसकर भाइयों के साथ मारपीट कर घर में रखा पचास हजार नगद व लगभग पांच लाख का आभूषण लूट ले गए। छोटे भाई को जबरन बोलेरो में बैठने का प्रयास कर रहे थे लेकिन सफल नहीं हुए। पीड़िता की लिखित शिकायत पर थानाध्यक्ष कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने अजय जायसवाल सहित 20 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चकमार्ग पर अवैध कब्जा नहीं खाली करा पा रहे तहसील अफसर

## ग्राम सभा पैतिहा मझिगवां के चकमार्ग संख्या 560 पर है अतिक्रमण

### हाईकोर्ट के आदेश का भी नहीं हो रहा अनुपालन

### जनसुनवाई, आई जी आर एस के फर्जी निस्तारण से फरियादी त्रस्त, डीएम ,सीएम से गुहार

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** राजस्व विभाग की का परवाही से पूरे तहसील कोरांव के विभिन्न ग्राम सभाओं में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत का मामला शबाब पर है। भू माफिया मस्त अधिकारी सुस्त हैं जिससे अत्याचारियों के हौंसले बुलंद हैं,राजस्व कर्मी इतने लापरवाह हैं कि निस्तारण मनमानी करके तहसील अधिकारियों के निस्तारण कार्यवाही पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं।

ग्राम सभा पैतिहा में चकमार्ग संख्या 560 पर ग्राम के सरहग लोगों ने कब्जा कर रखा है। समाधान दिवस, जनसुनवाई जनता दर्शन आदि में कई बार शिकायत राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने की है किंतु राजस्व कर्मी तहसील के कब्जे कताओं से सुविधा शुल्क ले कर मौके पर खाली दर्शा रहे हैं उन्हें अपने अफसरों का भी डर नहीं है।

मजेदार बात तो यह है कि शिकायत कर्ता श्री मिश्र ने 19 मई को संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में अतिक्रमण हटवाने की शिकायत संख्या 001152 द्वारा लेखपाल ने यह लिख कर निस्तारित कर दिया कि चकमार्ग संख्या 560 रकबा 0,027 हे0 मौके पर राजस्व टीम और चकबंदी विभाग द्वारा पैमाईश कराकर खाली करा दिया है। जब कि मौके पर कोई नहीं गया तहसील में बैठे बैठे निस्तारित फर्जी करके तहसील अधिकारियों से चिड़िया बैठवा कर 02 मई 2025 को निस्तारण दिखा दिया। जो घोर अनियमितता और जिलाधिकारी के सख्त आदेश का उल्लंघन है। निस्तार में फर्जी गवाह और उनके मोबाइल नंबर तथा शिकायत कर्ता का मोबाइल भी अंकित कर दिया है।

अहम बात तो यह है कि राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक जन हित याचिका संख्या 368/2025 राजेंद्र प्रसाद बनाम स्टेट ऑफ यूपी एवं अन्य दाखिल किया जिसमें उच्च न्यायालय ने 20/02/2025 को आदेश पारित किया है कि कंसीडरिंग द एंटायर फैक्ट्स एंड सरकमस्टेंसेज ऑफ दी केस, दी इंस्टेंट पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन इज डिस्पोजड ऑफ विथ ऑब्जर्वेशन दैट प्रापर प्रोफाइडिंग एज प्रेस्क्राइब्ड अंडर पारा 460 ऑफ दी यूपी रेवेंयू कोर्ट मैनुवल कैन बी ईनीटाइटेड इन एकारडेंस विद ला।

उक्त आदेश के परिपालन में याची ने तहसीलदार कोरांव को आदेश की प्रति प्राप्त कराई और आदेश के पालन हेतु प्रत्यावेदन दिया। किंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया।


अतिक्रमित चकमार्ग ग्राम मझिगवां पैतिहा

# बारात में मारपीट के दौरान आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के खपटीहा गाँव में श्रीनाथ बिन्द की लडकी निशा बिन्द की शादी थी, बारात थाना क्षेत्र के नौगवा पुलदरा से आई थी। गांव के ही अजीत कुमार बिंद, अनुज बिन्द, शैलेश बिन्द, अवशेष बिन्द के साथ निमंत्रण खाने गए थे। बाइक छू जाने से नाराज बारात में आए थाना क्षेत्र के नौगवां निवासी अनिल कुमार बिंद, प्रदीप, अजीत एवं बारा थाना क्षेत्र के सरसेडी निवासी लक्ष्मीकांत व पवन बिन्द ने पिटाई कर दी, जिससे नौगवां निवासी अजीत कुमार, अनुज, शैलेश व अवशेष सहीत दोनों पक्षो से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों से तहरीर दी गई है पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेज कर जांच पड़ताल कर रही है।


मारपीट में घायल युवक

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम तहरूननिशा है जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेख व बैंक खातों में मेरा नाम ताहिरा बानो दर्ज है। अतः मुझे ताहिराबानों के नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

**ताहिराबानो, नि0-रघईपुर रतापुर, अमेठी उ0प्र0।**

### सूचना

मेरे खतौनी, बैंक पासबुक व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम ऐतू पुत्र रामलाल है जो सही है। त्रुटिवस मेरे आधार कार्ड में राम लखन पुत्र रामलाल अंकित है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे ऐतू पुत्र रामलाल के नाम से ही जाना जाय।

**ऐतू पुत्र रामलाल, निवासी-मीरापुर, सहसों, प्रयागराज।**

# जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिये निर्देश

## साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सकों की समय से उपस्थिति, मरीजों का समुचित उपचार तथा ओपीडी में समय से मरीजों का उपचार किये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने शनिवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर वहां का औचक निरीक्षण किया और उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने चिकित्सालय में साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सकों की समय से उपस्थिति, अस्पताल में आने वाले मरीजों को समुचित उपचार तथा समय से ओपीडी में बैठकर चिकित्सकों के द्वारा उनका उपचार किये जाने के सम्बंध में वहां पर उपस्थित उपप्रधानाचार्य को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त अस्पताल में एमआरआई, सिटी स्कैन, एक्सरे व अन्य निःशुल्क उपलब्ध सुविधाएं मरीजों को प्राप्त हो सके, इसके लिए आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त रखने के निर्देश दिए है। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया, जिसमें ड्यूटी पर इस समय तैनात डॉ0 प्रशांत उपस्थित रहे तथा डॉ0 दीपक अनुपस्थित मिले, जिसपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ड्यूटी रूम के बाहर बोर्ड लगवाये, जिसपर उस समय ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के शिफ्टवार नाम, मोबाइल नम्बर व समय स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो। निरीक्षण के समय वहां पर एसी व सीसीटीवी क्रियाशील नहीं मिलने पर उन्हें तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्सरे, सिटी स्कैन, पैथोलॉजी में मशीनों की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी ली और वहां पर तैनात कार्मिकों की ग्रूमिंग क्लास करवाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी जांच रिपोर्टों को समय से निर्धारित शुल्क चार्ज करते हुए उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंनें मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सक आते है अथवा





निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल चाल व अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी

नहीं, की जानकारी लेते हुए उन्हें वहां कोई असुविधा तो नहीं है, के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में आयी हुई एक साल की बच्ची जिसे उसकी मां के द्वारा पुल से फेंक दिया गया था, को जिला प्रोबेशन अधिकारी से वार्ता कर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से भैया लाल जिनका टेज्न की चपेट में आने से दोनो पैर व एक हाथ कट गया है, को आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अन्य मरीजों तीमारदारों से वार्ता कर चिकित्सालय के द्वारा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित हो सके एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सके, उन्हें किसी सुविधा के लिए इधर-उधर भटकना न पडे, इसके लिए अपर नगर मजिस्ट्रेटो से कहा है। उन्होंनें ज्वाइंट मजिस्टेज्ट व सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट से आज ही चिकित्सालय को पूरा निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं के सम्बंध में आख्या उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय की एक ज्वांइट कमेटी गठित करने के निर्देश दिए है, जो कि एकाउंट आडिट कर रिपोर्ट उपलब्ध करायेगी। उन्होंने चिकित्सकों की विजिट सीट बनाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पायी गयी है, उनकों टाइमलाइन बनाकर शीघ्रता के साथ दूरे करने के निर्देश उपप्रधानाचार्य व एसआईसी को दिए गए है, जिससे कि यहां पर आने वाले मरीजों को अच्छी व्यवस्था का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि बाहर से दवा लिखे जाने की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने चौकी प्रभारी से चिकित्सालय में प्राइवेट एम्बुलेंस के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यदि प्राइवेट एम्बुलेंस का प्रवेश पाया जायेगा, तो चौकी प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में इमरजेंसी वार्ड तक जाने वाली सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिमेश वर्मा, सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बारात से लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक पुदुनपुर कटहरा से आई बारात में शामिल थे।

घटना उस समय हुई जब दोनों युवक पानी पीने के बाद अपाचे बाइक से सैदाबाद की ओर जा रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर




मौत हो गई। मृतकों में से एक की पहचान पुदुनपुर कटहरा निवासी चंद्रजीत यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बारात पदूनपुर से कनकपुर के लिए गई हुई थी। जिसमें दोनों युवक अपनी बाइक से शामिल हुए थे। वही एक युवक कटहरा का निवासी तथा दूसरा सीतामढ़ी भदोही का बताया जा रहा है। हादसे से बारातियों में गम का माहौल छा गया।

घटना की जानकारी मृतक चंद्रजीत यादव के भाई को पुलिस ने दिया तो मौके पर रोते बिलखते परिजन पहुंचे।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# नैनी शंकरढाल पर खड़ी स्कॉर्पियो में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

## जब तक पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम, पूर्णरूप से जल चुकी थी स्कॉर्पियो

### स्थानीय लोगों ने मिट्टी व पानी डालकर आग को बुझाने का किया प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार की रात चक रघुनाथ शंकरढाल निवासी विनोद अग्रहरि चोटी वाला झलवा प्रयागराज से आकर रात 9ः बजे अपने घर के सामने सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर दिया। देर रात 2ः बजे के बाद किसी परिचित ने फोन के माध्यम से सूचना दिया कि आपकी गाड़ी में आग लगी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही विनोद घर से बाहर निकल कर देखा तो स्कॉर्पियो में आग लगी हुई थी। जिसके बाद विनोद ने तत्काल में सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। स्थानीय लोगों ने मिट्टी व पानी डालकर आग को बुझाने के प्रयास में भरपूर रूप से लगे रहे लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। कुछ ही देर में सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने जल रही स्कॉर्पियो की आग को बुझाया। लेकिन तब तक स्कॉर्पियो पूर्ण रूप से जल चुकी थी। वहीं भुक्तभोगी विनोद अग्रहरि की मानें तो यह आग किसी ने लगाई है या खुद से जल गई इस बात का अनुमान उन्हें भी नहीं है।



स्कॉर्पियो में लगी आग को बुझाते स्थानीय लोग



# ग्वालियर में अंबेडकर प्रतिमा स्थापना में अवरोध पर जेडीयू नेत्री ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, जताई चिंता

## भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक न्याय है सर्वोपरि : शालिनी सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना में आ रही बाधाओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस विषय पर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को एक विस्तृत पत्र रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति से प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की मांग की है।

पत्र में शालिनी सिंह पटेल ने लिखा है कि ग्वालियर स्थित उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव केवल एक शिल्प कार्य नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के प्रति आस्था का प्रतीक है।



शालिनी सिंह पटेल

उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को लेकर कुछ असामाजिक और संविधान विरोधी तत्व लगातार व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

उन्होंने पत्र के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति से तीन मुख्य मांगें हैं जिसमें मध्य प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाए कि अंबेडकर प्रतिमा की स्थापना शांतिपूर्वक एवं शीघ्र कराई जाए, जिससे संविधान के प्रति जनता की आस्था बनी रहे।जो तत्व इस प्रक्रिया में बाधा डाल रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर संवैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए। प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं कि भविष्य में किसी भी महापुरुष की प्रतिमा की स्थापना में असंवैधानिक रुकावट न आने पाए आदि शामिल है।

शालिनी सिंह पटेल ने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि वह इस विषय की प्रगति और कार्यवाही से अवगत रहना चाहती हैं, ताकि संविधान, सामाजिक न्याय और सार्वजनिक भावना की रक्षा के लिए उनके प्रयासों को उचित दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक प्रतिमा स्थापना का नहीं, बल्कि संविधान की गरिमा और समावेशी समाज की भावना की रक्षा से जुड़ा है। पत्र में उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महामहिम राष्ट्रपति, जो स्वयं भारत के संविधान के संरक्षक हैं, उनका इस विषय में संवैधानिक हस्तक्षेप न केवल एक आवश्यक कदम होगा, बल्कि यह संदेश देगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक न्याय सर्वोपरि है। ज्ञात हो कि ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन हाल के दिनों में कुछ संगठनों और समूहों द्वारा इसका विरोध किए जाने की खबरें सामने आई हैं। यह मामला अब न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि देशभर में सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का विषय बनता जा रहा है। शालिनी सिंह पटेल का यह कदम जन प्रतिनिधियों और नागरिक समाज के लिए एक उदाहरण बन सकता है कि किस प्रकार संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए लोकतांत्रिक और विधिसम्मत मार्ग से संघर्ष किया जाना चाहिए।

# तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवक को मना करने पर दो पक्षों में मार पीट कई जख्मी, दी तहरीर

**मऊआइमा।** तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवक को मना करने पर दो पक्षो में जम कर हुई मार पीट में कई जख्मी हुए है।दोनों पक्षो ने कई को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रजवा पुर घीनपुर निवासी ताहिर अली का आरोप है कि उनके यहां शादी पडी हुई है।घर पर मेहमान आए हुए हैं।देर रात एक युवक तीव्र गति बाइक चला रहा था।मना करने पर कतिपय लोग एकत्रित हो कर मारे पीटे और घर में घुस कर महिलाओं को मारे तथा गर्भवती शबा बानों को गंभीर चोटों के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ताहिर अली ने मऊआइमा थाने में पांच नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी है।उधर दूसरे पक्ष के सतेह बहादुर सरोज का आरोप है कि उनकी पत्नी रेखा देवी और पुत्र शिवा बाइक से निमंत्रण से वापस लौट रहे थे तभी बाइक के पहिया में डंडा डाल देने से बाइक पलट गई। बोलने पर जाति सूचक गालियां दी गई और मारा पीटा गया।सतेह बहादुर सरोज ने भी चार के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# भारतीय सेना के पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के कार्यकताओं द्वारा मंडल सहसों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद का नारा लगाते हुए तिरंगा यात्रा को सहसों के श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ कर गोल चौराहा होते हुए रामलीला स्थल तक ले जाकर समापन किया गया। यात्रा का नेतृत्व करते हए गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश एक कुशल नेतृत्व के हाथों में है जिससे सेना निरंतर अपनी मजबूती को बढ़ा रही है। चाहे आधुनिक हथियार हो या सैनिकों का आधुनिकीकरण तीनों सेनाएं सभी क्षेत्रों में मजबूती से अपना पराक्रम दिखा रही हैं। यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव था। उन्होंने कहा कि जिस



तिरंगा यात्रा निकालते लोग

प्रकार से आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों का धर्म पूछ करके हत्या की एवं माताओं बहनों का सिंदूर उजाड़ा आज वही आपरेशन सिंदूर आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सजा देकर सफल रहा। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सहसों पुष्कर पटेल, महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, भूपेंद्र मिश्रा, रमेश कुमार द्विवेदी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, शिव बाबू केसरवानी, सत्यम हिंदू , शास्वत अशोक तिवारी, अनिल सरोज, सूर्यमणि पांडे, महेंद्र तिवारी, आनंद तिवारी, संजय सिंह, शुभम तिवारी, जयेश केसरवानी, प्रहलाद मोदनवाल, राहुल सिंह, महेश सिंह, राजेंद्र सरोज, राजेश कुमार, राघवेंद्र सिंह, गोल्डी शाहू , अतुल शुक्ला, श्रीकांत तिवारी, राजेश सरोज, देवेंद्र मिश्रा, रंजय पटेल सहित आदि कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे।

# एसीपी मेजा ने शिकायत कर्ताओं की सुनी समस्याएं

## कहा- न्यायालय और जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को मेजा थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर दराज क्षेत्रों से आए शिकायत कताओं ने अपनी अपनी शिकायतें प्रस्तुत किया जिसमें पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण एसीपी मेजा ने मौके पर ही कर दिया इस दौरान कई शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही जिसके समाधान हेतु संबंधित राजस्व निशिक्षक और हल्का लेखपाल को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में विजय शंकर पुत्र सुरेश चंद्र कुशवाहा निवासी खौर ने गांव के ही कुलदीप प्रजापति पुत्र सिद्धराम पर आरोप लगाते हुए शिकायती पर दिया जिसमें लिखा है उक्त आरोपी बीती रात 10 बजे



शिकायत कर्ताओं की समस्याएं सुनते एसीपी मेजा

गलत इरादे से उसके घर में घुसा था जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने पकड़ लिया और मेजा पुलिस के साथ साथ डायल 112 नंबर की पुलिस को सूचित किया और पुलिस आरोपी को थाने ले आई लेकिन मेजा पुलिस उसकी शिकायत दर्ज नहीं कर रही है ऐसी शिकायत को एसीपी मेजा ने गंभीरता से लिया और मामले की जांच कराए जाने हेतु संबंधित हल्का दरोगा को निर्देशित कर दिया। गौरतलब है कि समाधान दिवस में उस वक्त हड़कंप एवं अफरा तफरी मच गई जब पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद्र यादव पहुंचे। पुलिस उपायुक्त ने भी कई शिकायती पत्रों को सुना और उसके निस्तारण हेतु थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय को निर्देशित कर दिया। उल्लेखनीय है कि समाधान दिवस के दौरान पुलिस उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को आगाह करते हुए कहा कि न्यायालय तथा जनसमस्याओं के मामले किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों और हल्का लेखपालों पर भी कड़ा एक्शन लिया और कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक और लेखपाल अपने अपने कार्यक्षेत्र में मुस्तैदी से कार्य करें ताकि जनता की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो सके और उन्हें तहसील का चक्कर काटना न पड़े। इस मौके भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी के अलावा मेजा पुलिस स्टाफ के सभी पुलिस कर्मी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, वात्सल्य कैंपस, गौहनिया, प्रयागराज में 19 मई से 24 मई 2025 तक कक्षा नर्सरी से 8 तक के छात्रों के लिए एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को नई-नई चीजें सीखने, रुचि विकसित करने और ग्रीष्मकालीन अवकाश का रचनात्मक तरीके से आनंद लेने का अवसर प्रदान करना था।

शिविर के दौरान अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें आर्ट एंड क्राफ्ट, ताइक्वांडो, फुटबॉल, नृत्य, योग, कविता, बिना आग के खाना बनाना, लेखन, प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए बागवानी, पक्षियों के भोजन की व्यवस्था और अन्य खेल शामिल थे। प्रत्येक दिन की शुरूआत योग सत्र से होती थी, जिससे बच्चों को ताजगी और ऊर्जा मिलती थी। इसके बाद




ग्रीष्मकालीन शिविर में नृत्य सीखते बच्चे

रचनात्मक कार्यशालाएं और मजेदार खेल कराए जाते थे। सभी गतिविधियाँ विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में कराई गईं।

शिविर का एक मुख्य आकर्षण अंतिम दिन का प्रतिभा प्रदर्शन और प्रदर्शनी थी, जिसे प्री-प्राइमरी वर्ग ने आयोजित किया। इसमें छात्रों ने अपनी सीखी हुई कलाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की खूब सराहना की।समर कैंप बेहद सफल रहा। इसने बच्चों को कुछ नया सीखने, नए दोस्त बनाने और अपनी छुट्टियों को सार्थक ढंग से बिताने का अवसर दिया। सभी छात्र कैंप से खुशहाल यादें और नए अनुभव लेकर लौटे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप त्रिपाठी ने छात्रों की सराहना करते हुए शिविर में शामिल छात्रों को शुभकामनाएं दी। समापन समारोह में जयलक्ष्मी सेठ ने उपस्थित आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर का संयोजन साधना शंकर ने किया।इस अवसर पर सीएस गौर, केया शर्मा, सरोज बाला पाण्डेय, क्षमा पाण्डेय, जया, नीलिमा आशुतोष आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित करायें : नोडल अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा जनपद में कराये गये विकास कार्यो एवं विभिन्न योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कराने हेतु शासन स्तर स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को जनपदों में नोडल अधिकारी के रूप में भेजा गया है, इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में विकास कार्यो व विभिन्न योजनाओं की हकीकत जानने के लिये शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/विशेष सचिव संस्कृति उ0प्र0 शासन रविन्द्र कुमार ने जनपद में पहुँचकर विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा भ्रमण कर योजनाओं का सत्यापन भी किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति व जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय उपस्थित रहे। इसी क्रम



गोवंशों को गुण व केला खिलाते नोडल अधिकारी

में नोडल अधिकारी ने हर घर नल योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम जगदीशगढ़ पहुँचकर पाइप पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामवासियो से संवाद किया गया तो बताया गया कि कुछ मजरों पानी की सप्लाई पूर्ण रूप से नही हो पा रही है, ग्रामवासियों द्वारा यह भी बताया गया कि ग्राम में हैण्डपम्पों का पानी खारा है, इसलिए अधिकतम ग्रामवासी उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा निर्मित पेयजल योजना पर ही निर्भर है। नोडल अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तौसीफ अहमद को निर्देशित किया गया कि ग्रामवासियों को पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित कराये एवं किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल निस्तारित कराये। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम के ग्राम पंचायत विजहरा में अस्थायी गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया और गोवंशों के भरण पोषण हेतु हरा चारा, भूसा, पशुआहार, स्वच्छ पानी, छांव आदि व्यवस्थाओं को देखा एवं बीमार गोवंशों के नियमित देखभाल करने तथा गोशाला में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। गो आश्रय स्थल पर रात्रिकाल में प्रकाश की व्यवस्था हेतु सोलर लाइट लगवाने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी ने रंजीतपुर चिलबिला में कान्हा गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया और गोवंशो के भरण पोषण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान नोडल अधिकारी ने गोवंशों को फल एवं गुड़ भी खिलाया। उन्होने रंजीतपुर चिलबिला में कान्हा गौशाला के निर्माण की गुणवत्ता की जांच हेतु निर्देशित किया गया कि पहले से जो टेक्निकल टीम गठित है मानक के गुणवत्ता की जांच करायी जाये और उसका परीक्षण कर आख्या दें। नोडल अधिकारी ने विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज शिवसत का निरीक्षण किया तो पाया गया कि बाहर के खिड़कियों में लोहे की जाली एवं शीशा नही लगा हुआ पाया गया जिस पर कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्देशित किया गया कि खिड़कियों में लोहे की जाली एवं शीशा लगवाया जाये। उन्होने इस दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की गुणवत्ता को देखा। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने भंगवा चुंगी से माल गोदाम रोड के रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान नोडल अधिकारी के साथ अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय, प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ओपी चैरसिया, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता अरविन्द वर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

**पट्टी।** दो बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के कोहरांव गांव की रहने वाली बिन्दू पत्नी श्यामलाल अपने जीजा प्रमोद के साथ पहाड़ा गांव रिश्तेदारी गई थी। शनिवार की दोपहर बारह बजे के आसपास वापस लौटते समय वह दशरथपुर बाजार स्थित स्कूल के पास पहुंची थी कि सामने से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। वहीं टक्कर से बिन्दू का दाहिना हाथ टूट गया। 108 एंबुलेंस से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### मयंक ने सीडीएस में चयनित होकर किया जनपद का नाम रोशन





**प्रतापगढ़।** पिता के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए बेटे ने मन में देशसेवा करने की ठान ली। इंटर करने के बाद प्रयागराज से स्नातक किया। पर दिल में देशसेवा का जज्बा होने से सेना में अफसर बनने की तैयारी में जुटा रहा।तीन बार एनडीए के साक्षात्कार में असफल रहे मयंक ने वर्ष 2024 में सीडीएस की परीक्षा दी। एक वर्ष बाद आए परिणाम में उनका चयन हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के गांव पूरे टीकाराम निवासी शेषमणि तिवारी गड़वारा के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य है। वही पर परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे बड़ा मयंक और छोटा उमंग हैं। मयंक ने वर्ष 2021 में इंटरमीडिएट सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज गड़वारा से करने के बाद स्नातक प्रयागराज विश्वविद्यालय से किया। मयंक के पिता शेषमणि तिवारी सेना में अफसर बनना चाहते थे, लेकिन आरएसएस ज्वाइन करने के बाद सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य बन गए। पिता के अधूरे सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी बड़े बेटे मयंक ने सेना में सीडीएस बन कर निभाई।सीडीएस का परिणाम आया तो सूची में 233वें स्थान पर मयंक अपना नाम देखकर उछल पड़े। शेषमणि तिवारी ने बताया कि मयंक हमेशा सेना में ही अधिकारी बनने की बात कहता था। वह लक्ष्य उसने अपनी मेहनत से हासिल किया है। पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू, रमेश शुक्ल, ओंकार नाथ शुक्ल, बद्री प्रसाद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, केडी सिंह, विवेक तिवारी, मनीष सिंह आदि लोगों ने बधाई दी।

### व्यापारी पुत्र ने किया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण



**पट्टी।** नगर के मेन रोड निवासी पंकज खंडेलवाल के पुत्र दर्श खंडेलवाल ने सैनिक स्कूल की कक्षा छह में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर पट्टी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। नगर के आर आर अकादमी में अध्ययनरत दर्श खंडेलवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में 300 में 229 अंक प्राप्त प्राप्त किया है। इसमें सबसे अधिक अंक गणित विषय में 150 अंक में 117 अंक प्राप्त किया है। दर्श की सफलता पर नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, खंडेलवाल सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, नेहा खंडेलवाल, कामिनी खंडेलवाल सहित अन्य लोगों ने खुशी जताई है।

### निर्मलता से भगवान की आराधना हुआ करती है फलीभूत : पं. विनय शुक्ल



**लालगंज।** नगर पंचायत के कहारन का पुरवा वार्ड में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म संसार में धर्म और नीति के सत्य पर्व का जन्म है। उन्होने बताया कि भगवान द्वारिकाधीश ने धर्म की रक्षा के लिए जगत को सत्य के पक्ष में खडे होने का सशक्त संदेश दिया है। कथाव्यास पं. विनय जी ने बताया कि भगवान की आराधना के लिए केवल मन की पवित्रता रखनी चाहिए। उन्होने कहा कि पवित्र मन से की गयी आराधना ही सदैव फलीभूत हुआ करती है। व्यासपीठ से श्रद्धालु भागवत महापुराण में वर्णित सती चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्र के प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान के भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मगन देखा गया। संयोजक जितेन्द्र बाबा व बबिता देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर धीरेन्द्र शुक्ल, मनीष शुक्ल, सभासद अनुराग पाण्डेय, प्रभावती, रज्जो देवी, केवला देवी, श्याम देवी, राघवेंद्र पाण्डेय, हीरालाल आदि रहे।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर भगाया



**पट्टी।** शादी के बाद परदेश रह रही विवाहिता को पति ने दहेज के लिए मारपीट कर भगा दिया। किसी तरह वह अपने मायके पहुंची। पीड़िता ने थाने पर आकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंसापट्टी गांव निवासी रोशनी मौर्य का आरोप है कि उसकी शादी बीते 26 जनवरी 2025 को सुल्तानपुर जनपद के बालमपुर गांव निवासी प्रीतम मौर्य के साथ हुई थी। शादी के बाद पति उसे लेकर चंडीगढ़ चला गया। जहां पर दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि बीते मंगलवार को पति मारपीट कर उसे चंडीगढ़ में ही घर से भगा दिया। उसे इस कदर मारा पीटा गया कि आज भी उसे चलने फिरने में दिक्कत हो रही है। जहां से वह किसी तरह स्टेशन पहुंची। वहां से ट्रेन पकड़कर अपने मायके आई। भाई रोहित मौर्य बहन चांदनी के साथ शनिवार को दिन में करीब 2 बजे पट्टी कोतवाली आई और पति व ननद पर दहेज प्रताड़ना मारपीट समेत गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ ने गो-शालाओं का किया औचक निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खण्ड शिवगढ़ अंतर्गत स्थायी गो-शाला खमपुरदूबेपट्टी एवं अस्थायी गो-शाला सिंगाही का औचक निरीक्षण किया। खमपुरदूबेपट्टी गो-शाला निरीक्षण के समय पशु चिकित्सा अधिकारी, सचिव एवं केयर टेकर उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने बीमार पशुओं की समुचित देखभाल हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीमार पशुओं को सिक शेड में ही रखा जाए, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, पशुओं को धूप से बचाया जाए तथा स्वच्छ एवं ठंडे जल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सिंगाही गो-शाला निरीक्षण के दौरान सचिव एवं केयर टेकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एक अतिरिक्त शेड तथा पानी की टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया, जिसे एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यहां भी बीमार पशुओं के लिए सिक शेड, स्वच्छता, धूप से बचाव तथा ठंडे एवं स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।खंड विकास अधिकारी द्वारा दोनों गो-शालाओं में पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली

**प्रतापगढ़।** आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर चिलबिला बाजार में व्यापारियों ने शुक्रवार की शाम को तिरंगा यात्रा रैली निकाली।इस दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए। चिलबिला बाजार में शुक्रवार की देर शाम व्यापारियों ने चिलबिला रेलवे स्टेशन से प्रमुख चैराहे से होते हुए श्री ओमकारेश्वरम मंदिर तक विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली।रैली के दौरान डीजे पर आर्मी की ड्रेस में कलाकार देशभक्ति का संदेश देते रहे।इस दौरान पाकिस्तान मुदार्बाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगते रहे।इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति से लबरेज रहा।रैली देख लोग देशभक्ति की बात करते रहे और जमकर पाकिस्तान व आतंकवादियों का विरोध करते रहे।कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी रवीन्द्र कुमार जायसवाल ने आंवले का प्रोडक्ट खिलाकर लोगों को जलपान कराया। इस बीच आस पास के लोग रैली में शामिल व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस दौरान महुली वार्ड के सभासद दीपक कुमार, चिलबिला के सभासद पति पवन कुमार, अनिल शिल्पकार, विकास बाबा, सिद्धार्थ सिंह रघुवर, राजा जायसवाल, सूरज उमर वैश्य, गुड्डू,श्याम मोहन, प्रमोद जायसवाल, रोहित, नंदलाल उमर वैश्य, सचिन, सीतला प्रसाद (डमरू), संतजी ,गुडडू, छेदी लाल उमर वैश्य, संतोष कुमार (बबलू)आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगा दी जान

**लालगंज।** युवक के फांसी के फन्दे पर झूल जाने से मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भी घटनास्थल पर पहुंच गये। सांगीपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव में मो0 मंसूर का पुत्र रियाज 35 शुक्रवार की देर रात कहीं से घर पहुंचा। वह खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। देर रात वह फांसी के फंदे पर झूल गया। शनिवार की सुबह परिजनों को युवक का फंदे से लटकता शव दिखा तो चीखपुकार मच गयी। मृतक अपने पीछे चार बच्चों को निराश्रित छोड़ गया है। परिजनों की सूचना पर सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी घटनास्थल पर पहुंचे। वही समाधान दिवस के लिए निकले अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच गये। एएसपी ने युवक की आत्महत्या के मामले में सांगीपुर पुलिस को सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच के निर्देश दिये। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। कुछ ग्रामीणों के मुताबिक मृतक युवक के द्वारा गांव तथा आसपास के क्षेत्र में झाड़फूंक का काम करता था। वहीं लोगों में दबीजुबान से मृतक युवक के गृह कलह से तंग आकर आत्महत्या किये जाने की भी चर्चा देखी सुनी गयी। वहीं परिजन इस मामले में चुप्पी साधे दिखे। मृतक की पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुराहाल देखा गया। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उन्होने बताया कि घटना के बाबत तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# डीएम एवं एसपी ने थाना जेठवारा व लीलापुर में सुनी जन शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जेठवारा एवं थाना लीलापुर में दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करायें ताकि फरियादियों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। थाना जेठवारा में समाधान दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तत्काल 8 राजस्व शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई और दोनो टीमों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जमीन सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। शिकायतकर्ता राम अभिलाष कोरी निवासी सराय दासू थाना जेठवारा ने शिकायत किया कि प्रार्थी ग्रामसभा सराय दासू का ग्राम प्रधान है, प्रार्थी के ग्रामसभा में चकमार्ग, कब्रिस्तान, नाली व नवीन परती के खाते में





जनशिकायतें सुनते जिलाधिकारी व एसपी

अंकित गाटा संख्या 69, 6, 38, 4 पर गांव के मो0 शरीफ, मो0 सैफ, मो0 लतीफ निवासीगण ग्राम गोंसाईपुर ने अवैध रूप से कब्जा किये है तथा भूमि को खाली नही कर रहे है, इस सम्बन्ध में प्रार्थी द्वारा कई बार सम्बन्धित अधिकारीगण को भूमि खाली कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया परन्तु भूमि को खाली नही कराया गया, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार लालगंज को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर स्वयं जांच करें और नियमानुसार शिकायत का निस्तारण करायें। इसी प्रकार थाना लीलापुर में 06 शिकायते प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मौके पर जाकर सम्बन्धित प्रकरणों का बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करें, किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद और अवैध कब्जे के मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे।

# सांस्कृतिक विभाग के विशेष सचिव ने जगदीशगढ़ व बिजहरा गांव का किया निरीक्षण

## जल जीवन मिशन के तहत अधूरे पड़े कामों को पूरा करने का दिया आदेश

**बेलखरनाथ धाम।** शासन के आदेश पर सांस्कृतिक विभाग के विशेष सचिव ने विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के जगदीशगढ़ गांव में चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समास्या सुनी तथा अधिकारियों को समस्याओं को निस्तारण करने का आदेश दिया। शनिवार को विशेष सचिव रणबीर सिंह ने जगदीशगढ़ गांव में तेरह साल पहले जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी की आपूर्ति ग्राम सभा में कुल नौ मजरे है लेकिन पानी की आपूर्ति महज ही कुछ दिन हो पाया उसके बाद विभाग द्वारा अनदेखी के चलते टूटी पाइप लाइन की मरम्मत नही कराई गई। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने की तथा प्राईवेट पंप आपरेटर रामजी वर्मा को मानदेय न



गांव का निरीक्षण करते हुए

मिलने पर जल निगम विभाग के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल खराब पाइप लाइन ठीक कराने का आदेश दिया। इसके बाद सचिव बिजहरा गांव के पुरवे परानपुर में बने गौ आश्रय का निरीक्षण किया किया।मौके पर 54 गौवंश मिलें भूसा का दरवाजा टूटा देखकर सचिव का पारा चढ़ गया उन्होंने वीडियो सचिव ग्राम प्रधान को तत्काल दरवाजा लगाने का आदेश दिया। तथा गौ आश्रय के आसपास उगी झाड़ियां घास गंदगी को साफ करके दवा का छिड़काव किए जाने का निर्देश दिया। पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि गौवंशो का इलाज व जांच हर हाल में सप्ताह में एक दिन अवश्य होनी चाहिए। इस दौरान एडीएम आदित्य प्रजापति, डीडीओ एन पांडे,बेलखरनाथ धाम के खंड विकास अधिकारी राजीव पांडे एडीओ पंचायत राजू भारतीय पशु चिकित्साक डाक्टर प्रदीप कुमार डाक्टर राय साहब डाक्टर ए के वर्मा संतोष कुमार सिंह हनुमान तिवारी प्रधान धर्मेंद्र सरोज सहित तमाम ग्रामीण व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दो दिन पूर्व घर से निकले अधेड़ का नहीं चला पता

**पट्टी।** दो दिन पूर्व घर से साइकिल लेकर निकले अधेड़ का पता नहीं चल सका। हर संभावित स्थान पर खोज-बीन के बाद परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पट्टी नगर पंचायत के पट्टी खास वार्ड नंबर दो की रहने वाली विजयलक्ष्मी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पति सदानंद मिश्रा जिनकी उम्र लगभग 60 वर्ष है। वृहस्पतिवार को घर से दो घंटे में वापस आने की बात कह कर निकले थे जो शनिवार को दोपहर तक वापस नहीं आए तो पीड़िता ने अपने रिश्तेदारों के यहां खोज-बीन शुरू कर दी। जब अधेड़ का कुछ पता नहीं चल पाया तो पीड़ित महिला मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंची। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## प्रधानाचार्य सहित पांच ने की नाबालिग से ठगी

**बेलखरनाथ धाम।** स्वर्णकार के नाबालिक बेटे को बहला फुसलाकर दो महिलाएं सहित पांच लोगों ने लाखों रुपए के आभूषण व नगदी धोखाधड़ी करके हड़प लिए। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाएं सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।जिसमें एक प्रधानाचार्य भी है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के बाजार निवासी संतोष सोनी उर्फ पप्पू सोनी का दिलीपपुर बाजार में ज्वेलरी की दुकान की दुकान है।आरोप है कि उसके नाबालिग बेटे को बहला फुसलाकर कर पड़ोसी विष्णु सोनी उसकी पत्नी निशा सोनी ,लवकुश सोनी व उसकी पत्नी पत्नी अंजलि सोनी साजिश के तहत पांच महीने पहले दुकान से 20 जोडी चांदी की पायल वजन दो किलो, चांदी की बिछिया तीन सौ ग्राम, छोटी बड़ी पायल चांदी की वजन 400 ग्राम , तीन ग्राम सोने की लाकेट, तीन सोने की बाली सहित लगभग पांच लाख रुपए के जेवरात व पचास हजार रुपए नकद डरा-धमकाकर ले लिया। तथा 27 अप्रैल को एक लाख रुपए का 25 प्रतिशत ब्याज (सूद)की दर से विष्णु सोनी लवकुश सोनी थाना क्षेत्र के देवलहा गांव स्थित प्राइवेट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष पाण्डेय द्वारा किशन सोनी के खाते में 95 हजार रुपए भेजकर डेढ़ महीने में एक लाख साठ हजार रुपए सूद ब्याज के साथ वसूली की गई।पीड़ित के बेटे से प्रधानाचार्य संतोष पाण्डेय 50 हजार रुपए का चेक लिया और तय समय पर जेवरात वापस लौटाने के लिए कहां लेकिन समय पर जेवरात व चेक न वापस करने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। दिलीपपुर पुलिस मामले की जांच के बाद बाजार निवासी विष्णु सोनी ,निशा सोनी, लवकुश सोनी, अंजलि सोनी,व गायत्री देवी इंटर कालेज देवलहा के प्रधानाचार्य संतोष पांडेय के खिलाफ उत्तर प्रदेश साहूकारी अधिनियम तहत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीप पुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया की नाबालिग के साथ ठगी के मामले में पांच के खिलाफ साहूकारी अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खुयलन वेटलैंड संरक्षण व इको पर्यटन स्थल नेवाड़ी का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते उपायुक्त श्रम रोजगार

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त श्रम रोजगार (अश्वनी कुमार) ने अवगत कराया है कि सकरनी नदी जिसका उद्गम विकास खण्ड मानधाता की ग्राम पंचायत नेवाड़ी में स्थित खुइलन झील से है तथा सुखपाल नगर होते हुए सई नदी में मिलती है। उक्त नदी जनपद की तीन विकास खण्ड कमशः मानधाता, लक्ष्मणपुर एवं सदर के कई ग्राम पंचायतों से होती हुई सई नदी में समाप्त होती है। सकरनी नदी के उद्गम स्थल खुइलन झील पर मनरेगा एवं अभिसरण के माध्यम से कराये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण उपायुक्त श्रम रोजगार एवं परियोजना निदेशक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह भी बताना है कि जिला प्रशासन द्वारा खुइलन झील क्षेत्र को खुयलन वेटलैंड संरक्षण एवं इको पर्यटन स्थल के रूप विकसित कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित सचिव को कार्य शीघ्र एवं मानक के अनुरूपपूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, महिलाओं ने किया अभिनंदन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** नगर में शनिवार की शाम तिरंगे के सम्मान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई इस यात्रा में नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ह्यमोती सिंहह्व शामिल हुए।शाम 5 बजे पट्टी ब्लॉक से यात्रा का आरंभ हुआ। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और डीजे की धुनों के बीच यह यात्रा पट्टी चैक होते हुए ढकवा मोड़ तक पहुंची। हजारों लोग इस यात्रा में शामिल हुए, जिनमें सैकड़ों महिलाएं भी थीं। महिलाएं हाथों में तिरंगा लिए जयघोष करती नजर आईं।ब्लॉक पर पहुंचते ही सैकड़ों महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया। यात्रा पूरी तरह अनुशासित रही।मौके पर मीडिया



तिरंगा यात्रा में सम्मानित किये गये रिटायर्ड जवान

प्रभारी विनोद पांडे,राकेश कुमार सिंह ब्लाक सुशील सिंह ब्लाक प्रमुख, कमलाकांत यादव ब्लॉक प्रमुख, नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष खेदन लाल जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, दिनेश बहादुर सिंह, पवन खंडेलवाल, राजेश पांडे, प्रमोद मिश्रा,बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक उर्फ बिंदु पाठक, विनोद मिश्रा प्रधान, रमाकांत मिश्रा पूर्व प्रधान, पट्टी कोतवाल आदित्य सिंह, सीओ मनोज रघुवंशी, एसडीएम तनवीर अहमद सहित पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

## सेना से रिटायर्ड जवानों को किया सम्मानित

तिरंगा यात्रा के शुभारंभ से पूर्व उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह द्वारा सेना से रिटायर्ड सूबेदार मेजर अवध नारायण पाठक एवं बीबीपुर गांव निवासी मनोज कुमार सिंह उर्फ भीम को प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान भारत माता के जयकारे से पूरा नगर गूंज उठा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : शादी के बन्धन में बधें 132 जोड़े



**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उ0प्र0 सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत आज नवीन मण्डी स्थल, ओसा मंझनपुर में विधानसभा मंझनपुर क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले व्यक्तियों के पुत्रियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल-132 जोड़े शादी के बन्धन में बधें।सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र कुमार फौजी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मंझनपुर हुबलाल, पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा,एवं जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया।

## शर्मनाक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भरकम बजट के बाद खाने की पड़ी कमी



**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में 5000 प्रत्येक शादी के हिसाब से आयोजन का खर्च विभागीय अफसर को सरकार दे रही है लेकिन उसके बाद मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखने को मिला है नव दंपति और उनके परिवारों के लिए भोजन की पूरी व्यवस्था नहीं हो सकी है पंडाल में भोजन की कमी हो गई और तमाम लोग मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम स्थल से खाने के बगैर वापस लौट गए हैं शादी विवाह के लिए कन्या और वर पक्ष के भोजन के लिए 5000 प्रत्येक शादी से व्यवस्था कराए जाने के बाद विवाहित जोड़ों को भोजन नहीं मिल सका है बल्कि मंचासीन नेताओं अफसरो को खुश करने तक भोजन की व्यवस्थाएं कराई गई है उन्हें पनीर की सब्जियां खिलाई गई है उच्च क्वालिटी की बड़ी दुकान की मिठाई खिलाई गई है बंद बोतल का पानी मंच में बैठे लोगो तक पहुचाया गया जबकि शादी विवाह में वर वधु और उनके रिश्तेदारों के लिए ना तो पनीर की सब्जी उपलब्ध हुई है विवाहित जोड़े और उनके परिवार के लोगों को बड़ी दुकान की मिठाइयां भी उपलब्ध नहीं हुई है उन्हें बन्द बोतल का पानी भी नही मिल सका है विवाहित जोड़े और उनके परिवार के लिए दम आलू कोहड़ा की सब्जी रक्खी गयी हैं भोजन व्यवस्था में खुलेआम पक्षपात दिखाई पड़ा है जिसके लिए आयोजन किया गया उसके लिए व्यवस्थाएं नहीं हो सकी खाने के लिए रसगुल्ले तो बनाए गए थे लेकिन साढ़े तीन हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था में 500 पीस से कम रसगुल्ले बनाए गए थे जिससे तमाम विवाहित जोड़े और उनके परिवार के लोगों को मिठाई खाने को नहीं मिल सकी है घी तेल की कमी के चलते लकड़ी जैसे टाइट कचौड़ी बनाकर रख दी गई थी जिसे खाने के लिए लोग तैयार नहीं दिखाई पड़े हैं आखिर शादी विवाह के कार्यक्रम में भोजन की कमी होना और पक्षपात पूर्ण तरीके का भोजन बनाना यह कहां का न्याय संगत है।

## पूर्व विधायक के जनसुनवाई में पहुँची विभिन्न शिकायतों का कराया निस्तारण



**भरवारी कौशाम्बी** पूर्व विधायक चल संजय कुमार गुप्ता ने बजहा स्थित अपने देव फिलिंग स्टेशन पर प्रत्येक शनिवार की तरह आज भी जनसुनवाई कार्यक्रम किया जनसुनवाई में 14 शिकायती प्राप्त हुई पांच शिकायतों का विधायक ने तत्काल निस्तारण किया शेष बचे शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से अति शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया शिकायतों में मुख्य रूप से पनोई निवासी रामनारायण ने बिजली कनेक्शन की शिकायत किया मुंडारी से अनिल कुमार ने बिजली बिल ज्यादा आने की शिकायत किया भीटी से संगीता देवी ने विद्युत की समस्या को बताया दीपू यादव बालिहावा से पारिवारिक समस्या को अवगत कराया गोलू गुप्ता व संदीप यादव घूरी से क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत किया पुत्तीलाल हररायपुर से जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी ने तूफान के कारण बिजली की समस्या को अवगत कराया श्री गुप्ता ने सभी के समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं को निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## ट्रेन की चपेट मे आने से एक मजदूर की मौत

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भदवा गाँव के गोपाल पुत्र भइया लाल 50 वर्ष घर से दिल्ली जाने को कहकर घर से निकला था और वह भदवा के सामने से गुजरी डी एफ सी रेलवे लाईन पार करते समय ट्रेन की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई है रात करीब आठ बजे परिजनों को जानकरी हुई तो मौके पर पहुँच कर परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की उनके बेटे गोपाल ने पहचान कर बताया की मृतक मेरे पिता है सुचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पी एम हाउस भेज दिया है पुलिस जांच मे जुटी है।

## संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान

**कौशाम्बी।** संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत 25 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार राजेश तिवारी का आगमन जनपद कौशाम्बी में हो रहा है जिसमें सिराथू विधानसभा के नौढिया गांव में बूथ संपर्क अभियान के तहत बैठक में वह शामिल होंगे तत्पश्चात संगठन सृजन अभियान के तहत प्रयागजोन के अंतर्गत आने वाले जनपदों के जिला,प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिवगण, एवं नवनियुक्त जिला संयोजकों की बैठक होगी इस कार्यक्रम की जानकारी जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने दी है।

# आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ सुपरवाइजर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

> **योजना से जुड़े विभागीय अधिकारियों के अनुशासनहीनता और लापरवाही भी उजागर हो रही है**
>
> **विजिलेंस ने बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय से पकड़ा, प्रमोशन कराने के एवज में मांगी थी रकम**

**कौशाम्बी** विजिलेंस की टीम ने कौशाम्बी के चायल स्थित बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय में तैनात आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पुष्पा सिंह उम्र 56 वर्ष को शुक्रवार को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि कर्मचारी का प्रमोशन कराने के एवज में उन्होंने रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस आरोपी को वाराणसी के एंटी करप्शन कोर्ट में पेश करेगी। बाल विकास परियोजना कार्यालय में घूसखोरी के बाद एक बार फिर विभाग के अधिकारियों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं विभाग में जिस तरह से खुलेआम घूसखोरी हो रही है और इस मामले में विजिलेंस टीम को दखल देना पड़ रहा है योजनाओं के मॉनिटरिंग के नाम पर विभाग के अधिकारी क्या कर रहे हैं आखिर विभाग में घूसखोरी करने वाले सहायकों को विभागीय अफसर ने अभी तक क्यों नहीं रोका है क्या विभागीय अफसर भी घूसखोरी के मामले में हिस्सेदार हैं यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है विभाग में भ्रष्टाचार की जड़े मजबूत हो चुकी है जिसमें विभागीय अधिकारी भी संलिप्त बताए जाते हैं योजना से जुड़े विभागीय अधिकारियों के अनुशासनहीनता और लापरवाही भी उजागर हो रही है विभाग में घूसखोरी के मुद्दे पर अफसर द्वारा कार्यवाही न किए जाने के बाद पूरे विभाग पर बड़े सवाल खड़े हैं। चायल बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय क्षेत्र के चिरैयानाला मजरा बिहिका गांव स्थित मिनी आंगनबाड़ी में तैनात कार्यकर्ता ममता ने विजिलेंस से शिकायत की थी कि आठ हजार रुपये की रिश्वत मांग रही है शिकायत पर विजिलेंस ने टीम बनाई और दोपहर एक बजे बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय से पुष्पा सिंह को गिरफ्तार कर लिया।पीड़िता के संग विजिलेंस की दो महिला पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में पहुंचीं। सुपरवाइजर को फोन कर कार्यालय बुलाया गया। जैसे ही पुष्पा ने रुपये लिए तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसी बीच टीम के अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंच गए और पुष्पा को अपने साथ प्रयागराज महिला थानें ले गए।

## न्यूज झरोखा

### रिजवी कालेज में 15 छात्र छात्राओं को वितरित किए गए टेबलेट



**कौशाम्बी** करारी कस्बे में स्थित डॉ. ए. एच.रिजवी डिग्री कॉलेज में दिनांक 24/05/2025 को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी ने कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में 15 टेबलेट छात्र छात्राओं को वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं को टेबलेट मिलने के बाद चेहरे पर मुस्कान दिखी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत डिप्लोमा छात्रों को टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण करने का लक्ष्य है जिसमें छात्र व छात्राएं डिजिटल तकनीकी के माध्यम से पढ़ाई कर सकें और उन्हें डिजिटल में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसी लक्ष्य के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम लगातार जोरों से चल रहा है। इसी क्रम में डॉ. ए. एच. रिजवी डिग्री कॉलेज में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' महाविद्यालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्राचार्य श्रीमान धर्मेंद्र पांडे व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना द्वारा छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र त्रिपाठी और निशार अहमद द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने सभी छात्र छात्राओं व अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक डॉ मुकुंद देव द्विवेदी, राजेंद्र कुमार, अवधेश मिश्रा, शम्स हैदर अब्बास और मोहम्मद बेलाल आदि उपस्थित रहे।

### दारागंज जाने को विधायक कार्यालय तिल्हापुर मोड़ में पाल समाज ने भरी हुंकार

**31 मई को पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का 300वीं जयंती पर होगा अनावरण**



**भरवारी कौशाम्बी।** चायल तहसील के तिल्हापुरमोड़ स्थित विधायक पूजा पाल के कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। इसमें 31 मई को पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रयागराज के दारागंज में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी दी गई। प्रतिनिधि सुरेश पाल ने बताया कि विधायक चायल पूजा पाल द्वारा 31 मई को दारागंज प्रयागराज में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती कार्यक्रम रखा गया है। इसमें प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। डिप्टी सीएम द्वारा पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपस्थित लोगों से अपील करते हुए गांव-गांव जाकर लोगों को जानकारी देने की बात कही गई। इस दौरान सुरेश पाल, संतोष पाल, अशोक पाल, शुभम पाल सटई, बांके लाल, सतीश पाल, उमाकांत पाल, संजय पाल, साजू पाल, चौबे पाल आदि मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**कौशाम्बी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी चायल के साथ थाना चरवा में जनसुनवाई की गई।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित थानेदार उपनिरीक्षक चौकी इंचार्ज पुलिस जवान उपस्थित रहे।

### सुरक्षा : चाकवन चौराहे पर थाना प्रभारी ने किया पैदल गश्त



**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना के अन्तर्गत चाकवन चौराहे पर शनिवार को थाना प्रभारी चन्द्र भूषण मौर्या अपने सहयोगी व हमराहियों के साथ अपराध को रोकने हेतु रात्रि सुरक्षा दृष्टिगत पैदल गश्त किया पैदल गस्त में सहयोगी उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव,दरोगा अशोक शर्मा, अभिषेक शुक्ला,सिपाही अंकित शिवम पांडेय ,आशीष मौर्या, दीपक कुमार व अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थिति रहे।

### अनियंत्रित होकर मकान से टकराए बाइक सवार, मौत



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** प्रयागराज के बम्हरौली निवासी रंजीत पुत्र कृष्ण 30 वर्ष शनिवार की सुबह अपने घर से भवानीदीन का तालाब बम्हरौली से बाइक से कौशाम्बी के लिए निकले था जैसे ही बाइक सवार रंजीत कोखराज थाना क्षेत्र के केसौवापुर गाँव के समीप पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सौखिलाल पटेल के मकान मे जाकर टक्कर मारी जिसमे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गाया है और बाइक समेत वह जमीन पर गिर पड़ा बाइक सवार गंभीर घायल हो गया जानकारी मिलते ही आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई कोखराज पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से बाइक सवार को जिला अस्पताल भेजा जिसमे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पी एम के लिए भेज दिया है।

### महिला और उसके बच्चे को दबंगों ने जमकर पीटा

**कौशाम्बी।** दबंगों ने महिला और उसके बच्चे को जमकर पीटा है। बीच बचाव करने गए लोगों को भी दबंगों ने मारा पीटा है। मारपीट में घायल महिला ने दबंगों के खिलाफ स्थानीय थाना में शिकायती पत्र दिया है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासिनी सतल शुकली पत्नी जुगेन्द्र कुमार निवासिनी ने बताया कि 24.05.2025 को समय लगभग 2:00 बजे दोपहर उसका लड़का आकाश अपने पेड़ की तरफ गया था। तभी गाँव के राहुल पुत्र ऊदल व मूलचन्द्र, गोपी लड़के को भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए लात घूसों से मारा-पीटा है। आकाश के द्वारा शोर मचाने पर बीच बचाव करने गए लोगों को भी उपरोक्त दबंगों ने मारपीट किया है। दबंगों के खिलाफ स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

# खाना पूर्ति तक सीमित रह गया समाधान दिवस दौड पर दौड़ लगा रहे फरियादी

**नही पहुंचे राजस्व विभाग के अफसर शिकायत दर्ज कराने के बाद नही सुनते राजस्व कर्मी लेखपाल**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना में शनिवार को समाधान दिवस में एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य की अध्यक्षता में फरियादियों की जनसमस्याओं को सुना गया समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व के अफसर नहीं पहुंचे हैं लेखपाल मनमानी पर उतारू है और समाधान दिवस में दिए गए निर्देशों का पालन करते लेखपाल नहीं दिख रहे हैं जिससे जमीनी विवाद का निस्तारण नहीं हो रहा है समाधान दिवस में कई कई महीने से जमीन विवाद से संबंधित मामले लेकर फरियादी थाना पहुंच रहे हैं कई फरियादियों की जमीन विवाद से सम्बंधित समस्याओं को थमेदार ने सुना जिसमें एक फरियादी ने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं समाधन दिवस में तीन महीने से शिकायत दर्ज करा रहा हूँ लेकिन आज तक वह यह नही देखने गए कि शिकायत कर्ता की समस्या आखिर क्या है कानून गो व लेखपाल का कहना है कि हम किसी भी मामलें का निस्तारण नही करा सकते समाधान दिवस का कोई माने नही है इस प्रकार की बात चीत से तो यही लगता हैं कि योगी सरकार की न्याय प्रणाली समाधान योजना को आखिर क्यों पिकनिक स्पॉट तक सीमित हो कर रह गई है मौके पर 7 लोगों ने शिकायत दर्ज करायी जिसमें पुलिस से सम्बंधित दो मामले को मौके पर निस्तारण किया गया जबकि राजस्व से सम्बंधित एक भी मामलें का निस्तारण नही हो सका मौके पर एसएसआई सन्तोष कुमार सहित चौकी इंचार्ज कानून गो धर्मपाल, लेखपाल पवन राय, देवेंद्र सिंह,उमेश केशरवानी, रवि विश्वकर्मा, अमन पटेल, नित्या पाल, अपर्णा श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

## छोटे भाई ने ही दांत से काट कर अलग कर दिया अंगूठा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में छोटे भाई ने घरेलू विवाद को मानते हुए अपने बड़े भाई के अंगूठे को दाँत से काटकर अलग कर दिया, करारी कस्बा निवासी मोहम्मद इरशाद ने मामले की जानकारी थाने में दी पुलिस ने छानबीन करते हुए छोटे भाई मोहम्मद मकसूद व पत्नी राहला के ऊपर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुड़ गई है। वही बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर कई वर्षों से घरेलू कलह बना हुआ था जो की शुक्रवार की रात 9:00 बजे इरशाद अपने ट्रेडर्स की दुकान बंद कर घर गया तभी योजनाबद्ध तरीके से छोटे भाई मकसूद वा उसकी पत्नी ने अचानक हमला कर दिया सर पर पत्थर से वार कर जख्मी कर दिया और दांत से काटकर अंगूठे को अलग कर दिया पूरे मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो तत्काल मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा और जांच पड़ताल में जुट गई है।

## यह थानेदार है कि अपराधियों के सरगना सबूत नष्ट कर अपराधियों को देते हैं संरक्षण

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव में 19 मई की रात को गांव के देवचंद यादव की दो गाय को उनके घर से गौ तस्कर खोल ले गए और गांव के बाहर ले जाकर के गाय को टुकड़े-टुकड़े में काट करके उसका मांस निकाल लिया और मांस बेच दिया मौके पर खून और हड्डियां छोड़कर गौतस्कर फरार हो गए सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर जब खून देखा तो मामले की चर्चा गांव में हुई यह चर्चा देवचंद यादव तक पहुंच गई मौके पर वह भी पहुंचे उन्होंने बताया कि उनके दो गाय को गौ तस्करों को ले जाते हुए उनकी पत्नी ने देखा था विरोध भी किया था लेकिन गजब तो तब हो गया जब मामले की सूचना पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने गौ तस्करों को गिरफ्तार कर इस बड़े जघन्य अपराध का खुलासा करते हुए अपराधियों को जेल भेजने के बजाय थाना पुलिस मौके पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गई मिट्टी को उलट-पुलट कर मौके के सबूत नष्ट कर दिया मौके पर खून और हड्डियां जमीन में दफन हो गई है पुलिस ने किसान की पत्नी को गौतस्करों को फोटो दिखाई फोटो देखकर किसान की पत्नी ने गौतस्करों को पहचान भी कर दी लेकिन उसके बाद भी तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक गौ तस्करों की गिरफ्तारी थाना पुलिस ने नहीं की है सवाल उठता है कि घटना के सबूत साक्ष्य से छेड़खानी करना गंभीर अपराध है और सब कुछ जानते हुए भी थाना पुलिस ने गौ तस्करों के इस गंभीर घटना में जेसीबी मशीन से सबूत क्यों नष्ट कराया है क्या गौकाशी करने वाले थाना पुलिस के संरक्षण में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं यह बड़ी जांच का विषय है हालांकि जिस तरह से संदीपन घाट थाना पुलिस की करतूत उजागर हुई है और थाना पुलिस ने अपराधियों के सबूत को नष्ट कर दिया है थाना पुलिस की करतूत की इलाके में चर्चा हो रही है कि अपराधियों की सरगना थाना पुलिस है और अपराधियों को थाना पुलिस संरक्षण देती है हालांकि मामला मीडिया के सुर्खियों में आने के बाद थानेदार ने अपने को बचाते हुए पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जैविक खादों का उपयोग करें किसान उपजाऊ भूमि बनाने के बारे में दी जानकारी

**रासायनिक खादों के नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में डॉ दिनेश यादव ने किसानों को बताया**



**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के चन्द्र शेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हरियाली कृषि विकास संस्थान के राष्ट्रीय सचिव डॉ दिनेश यादव के द्वारा एक परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों के हरियाली कृषि विकास संस्थान के अधिकारी एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में परीक्षण से सम्बंधित जैविक खादों के साथ अच्छी खेती व उपज के बारे में बताया गया परीक्षण मीटिंग में रसायनिक खाद के दुष्प्रभावों के बारे में बहुत ही बारीकी से बताया गया वही रसायनिक कीट नाशक से सम्बंधित जानकारी भी दिया डॉ दिनेश यादव ने किसानों को जैविक खादों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने को कहा जिससे खेती करने से खेतों की उपज भी बढ़ेगी और इससे वातावरण भी साफ होगा जैविक खाद बनाने के लिए उन्होंने बताया कि हमारे पास पशुओं के गोबर को उपयोगी व बायोगैस के रूप में उपयोग किया जा रहा है जिससे घरेलू उपयोग में उस गैस को खाना बनाने के रूप में किया जा रहा है जिससे घरों में एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत नहीं होगी उस बायोगैस के उपयोग में किया गया गोबर को सरकार 1 रुपये प्रति किलो से खरीदारी कर उसको जैविक खाद बनाने का कार्य किया जा रहा है जो किसानों के लिए उपलब्ध रहेगी जिसका उपयोग कर बंजर भूमि को भी उपजाऊ भूमि बनाया जा रहा है बायोगैस प्लांट के लिए सरकार के द्वारा अनुदान राशि भी बैंकों से बिना ब्याज का लोन भी उपलब्ध कराया जा रहा है इस कार्य को तेज गति देने के लिए हर ब्लाक स्तर पर एक एक हरियाली किसान मित्र बनाया गया हैं जिनकी निगरानी में प्रत्येक ग्राम सभा में पहुँच कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है और रसायनिक खाद व जैविक खादों के गुणों को बताया जा रहा है जिससे हर किसान रासायनिक उर्वरकों को छोड़ कर जैविक खादों का उपयोग करे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दिनेश यादव कृषि विशेषज्ञ व जिला प्रबन्धक शिव बाबू,अन्य ब्लाक ट्रेनर ,राकेश श्रीवास्तव, शिव श्याम,पंकज कुमार पटेल,रामचन्द्र यादव,जियालाल, अंसार अहमद आदि लोंग उपस्थिति रहे।

# रामवन-गमन मार्ग का निरीक्षण कर बीच रोड में गड्ढा करवाकर नोडल अधिकारी ने मार्ग की गुणवत्ता एवं गहराई की ली जानकारी

**कौशाम्बी** नोडल अधिकारी ने शनिवार को जिले के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने गहनता से जांच पड़ताल की और अधीनस्थों को निर्देशित किया गौ-आश्रय स्थल में गोवंशो के लिए भूसा के स्टॉक एवं हरा चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए ओवरब्रिज सैयद सरावां के निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी पाये जाने पर नोडल अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के उपरान्त नोडल अधिकारी राम केवल द्वारा रामवन-गमन मार्ग, कान्हा गौशाला-पल्हाना, पेयजल परियोजना-हुसैन मई एवं ओवरब्रिज-सैयद सरावां का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी ने कादीपुर से गुजरे रामवन-गमन मार्ग का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने उसकी गुणवत्ता एवं गहराई की जानकारी के लिए कोर कटिंग मशीन से बीच रोड में गड्ढा करवाकर जॉच की तत्पश्चात नोडल अधिकारी ने कान्हा गौशाला, पल्हाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौ-आश्रय स्थल में संरक्षित गायों की पूजा कर एवं गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत गौशाला में पानी की व्यवस्था लगातार सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने गायों के लिए भूसा स्टॉक एवं हरे चारे के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए गांवंशों के लिए हरा चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दियें। तत्पश्चात नोडल अधिकारी हुसैन मई पहुॅचकर पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से हर-घर नल से जल के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हर घर में नल से पानी पहुॅच रहा है। उन्हांने पानी की गुणवत्ता को भी चेक किया, जो सही पाया गया।नोडल अधिकारी ने निमार्णाधीन ओवरब्रिज, सैयद सरावां का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाय, जिससे आमजन-मानस को आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता पीडब्लूडी संजीव सिंह एवं अवर अभियन्ता राम बाबू सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# साइकिल ही हमारा भविष्य है

**साइकिल** से सड़क जाम होने की समस्या नहीं है। इसे संकरे रास्तों व गलियों में चलाया जा सकता है। अगर इसके लिए अलग से लेन हो तो, न तो यह दूसरे वाहनों की गति में रूकावट होगी और न ही साइकिल चलाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। साइकिल उनके लिए भी अच्छी है, जो भीड़ से बचना चाहते हैं। सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम, दुर्घटनाएं, प्रदूषण की खबरें आती रहती हैं। साइकिल के चलन इन सभी में कमी आ सकती है।

मैं पिछले चार-पांच सालों से साइकिल की सैर करता हूं। यह अब मेरी दिनचर्या में शामिल है। इससे मेरी दुनिया बड़ी हुई है। पक्षी दर्शन करना, नए मित्र बनाना, खेती-किसानी की जानकारी और पेड़-पौधों, नदी और पहाड़ इत्यादि को करीब से देखने व जानने का मौका मिला है।

वैसे तो मैं बचपन से साइकिल चलाता रहा हूं। गांव से 7 किलोमीटर दूर एक कस्बे में साइकिल से जाता था। यह वह दौर था जब सड़कों पर साइकिलें खूब दिखा करती थीं। किसान, उससे वजन ढोते थे। पशुपालक उस पर घास का गट्टर ले जाते थे। दूध वाले, सब्जी वाले तो साइकिल की सवारी करते दिखते ही थे। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक भी साइकिल से आते थे।

हमारे पास हरक्यूलिस साइकिल थी। पिताजी ने इसे उनके मित्र से खरीदा था। पुरानी थी, लेकिन बहुत अच्छी चलती थी। घर में ही छोटी-मोटी मरम्मत कर लेते थे। हवा भरने का पंप और पाना, पेंचिंस इत्यादि सामान घर पर रखते थे। जब कभी साइकिल पंचर हो जाती थी, तो घर पर ही पंचर बना लेते थे।

यह वह दौर था जब मोटर साइकिल व कारें बहुत ही कम थीं। अक्सर लोग पैदल या साइकिल से ही यात्रा करते थे। बल्कि पैदल चलने वाले ज्यादा थे। ऐसे कई लोगों से मैंने बात की है, जिन्होंने मीलों पैदल यात्राएं की हैं। नर्मदा नदी की परिक्रमा तो पैदल ही की जाती थी, जिसमें 3 साल ( 3 साल, 3 महीने, 13 दिन) से ज्यादा समय लगता था। हमारे गांव में यह परिक्रमा पैदल ही की है।

कुछ समय पहले तक शहरों व कस्बों में बड़ी संख्या में मजदूरों को साइकिल की सवारी करते देखा जा सकता था। इन्दौर व जबलपुर में मैंने ऐसे ही मजदूर देखे हैं। छत्तीसगढ़ में भिलाई में मजदूरों को साइकिल चलाते देखा जा सकता था। यह एक तरह से गरीबों की सवारी थी, लेकिन अब सबकी पसंद बनती जा रही है।

हमारे गांव में एक स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से ही चलते थे। संस्था ने गांवों में सचल पुस्तकालय ( मोबाइल लाइब्रेरी) चलाया था, उसमें साइकिल का इस्तेमाल किया जाता था। साइकिल पर किताबों से भरे दो झोले लेकर गांव की चौपाल पर बैठते थे। वहां गांव के लोग आते थे, और बहुत मामूली शुल्क देकर किताबें ले जाते थे, और एकाध सप्ताह में वापस कर देते थे।

# सीमित युद्ध से भारत को सीखने होंगे कई सबक

**- जगदीश रत्तनानी**

**आज** समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व-घोषित अति-राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है।

पहलगाम में आतंकवादी हत्याओं की निंदा करने और रक्षा बलों को सलाम करने में सारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। इस घटना के कारण पाकिस्तान पर भारत ने पांच दशकों में इतना सघन हमला किया। भारत की इस कार्रवाई के लिए व्यापक समर्थन आतंकवादियों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के राष्ट्रीय संकल्प को दशार्ता है। फिर भी, यह संकल्प आत्म-प्रशंसा के शोर के एक प्रतिध्वनि कक्ष में उतरने का जोखिम उठाता है जो राष्ट्र को उस गहन विश्लेषण से रोक सकता है।

इस संघर्ष में हालांकि कुछ भारतीय उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया लेकिन इस स्तर पर यह तर्क देना मुश्किल है कि ऑपरेशन सिंदूर एक बड़ी सफलता थी। भले ही ऑपरेशन में सीमित सफलता मिली है लेकिन इससे मिले सबक असीमित हैं। हमारे पास डेटा की एक खदान है जिसमें राजनीतिक ग्राउंड वर्क, राजनयिक जुड़ाव और योजना, रणनीति या परिचालन मुद्दों के विचारों से लेकर उच्च तकनीक वाले सैन्य हार्डवेयर व अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के प्रदर्शन पर समृद्ध युद्ध क्षेत्र डेटा तक शामिल हैं।

अगली लड़ाई उन लोगों द्वारा जीती जाएगी जो सैन्य मोर्चे पर इन सीखों पर अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा सबक विशेष रूप से राजनीतिक मोर्चे पर होगा जहां युद्ध पर बड़े निर्णय लिए जाते हैं। सीखना हमेशा आसान नहीं होता है। उच्चतम राजनीतिक स्तर पर, यह उस रणनीति को चुनौती देता है जिसने हमें मर्दानगी की बातें और युद्ध के नारे दिए, जिसमें चुनावी रैली भी शामिल है, लेकिन युद्ध के समय अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत के कम सबूत मिले. साथ ही, विनम्रता, ईमानदारी और जिज्ञासा की भावना के साथ कठिन सवालों को प्रोत्साहित करने की इच्छा भी होनी चाहिए, जिनमें से कोई भी आत्म-प्रशंसा से मदद नहीं करता है जो गहन जांच को बंद कर देता है।

साथ ही अगर हमें इस मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता का पूरा लाभ उठाना है तो विपक्ष पर चुनावी शैली के हमलों के बजाय राजनीतिक दलों को अधिक विश्वास-निर्माण करने वाले कदमों के साथ एक साथ लाना होगा।



पहलगाम आतंकी हत्याओं के ठीक दो दिन बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में जब लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं सहित सभी राजनीतिक नेता मौजूद थे, उसमें प्रधानमंत्री के शामिल न होने के फैसले से विश्वास बहाली में कोई मदद नहीं मिली। वह गलत निर्णय पुरानी ढर्रे की नीतियों के आधार पर लिया गया था। विभिन्न देशों की राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का निर्णय अलग है। यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है लेकिन कांग्रेस द्वारा नामित नहीं किए गए शशि थरूर के सूची में शामिल होने पर पैदा हुआ विवाद- एक अनावश्यक चुभन- हमें बताता है कि पुरानी आदतें मुश्किल से छूटती हैं। हम उन पाठों पर वापस आ गए जो सीखे नहीं गए हैं। कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि भाजपा गेम खेल रही है। यह एक ऐसे मुद्दे पर कमजोर भरोसे और खराब राजनीतिक संबंधों में उतरता है जो गहरी राजनीतिक एकता की मांग करता है।

जानकारियां जिस तरह से अर्थहीन हो गई है उससे कुछ सबक मिलते हैं। आज समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व-घोषित अति-राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है। यह ऐसे दोस्तों का मामला है जो दुश्मनों से भी बदतर काम कर रहे हैं। मीडिया तब सही तरीके से काम करता है जब सभी प्रकार के विचारों को फलने-फूलने की अनुमति दी जाती है। इसका उदाहरण ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजॅन हैं जहां पर ग्राहक समीक्षाओं का समग्र मूल्यांकन कर नकारात्मक और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रकाशित की जाती है। एकतरफा विचारों से चिह्नित एक पारिस्थितिकी तंत्र सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उस पक्ष के लिए बुरा है जिसे आगे बढ़ाया जा रहा है। ये प्राथमिक सबक हैं जिन्हें फिर से सीखने की आवश्यकता हो सकती है।

युद्ध अंतिम उपाय है। यह भारत कह चुका है और इसे वास्तव में प्रधानमंत्री ने अतीत में व्यक्त किया है। 2022 में कारगिल में प्रधानमंत्री को यह कहते हुए उद्धत किया गया था- 'भारत ने हमेशा युद्ध को अंतिम उपाय के रूप में देखा है, लेकिन राष्ट्र पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को करारा जवाब देने की ताकत और रणनीति सशस्त्र बलों के पास है'। तो भी जब इस अंतिम उपाय का प्रयोग किया जाता है तो ब्रह्मास्त्र अपनी शक्ति खो सकता है। इसका उसी तरह से फिर से उपयोग या संचालन नहीं किया जा सकता। कम कार्रवाई को हल्के में लिया जाएगा, मजबूत कार्रवाई से अस्वीकार्य स्तर के जोखिम के साथ तेजी से वृद्धि का जोखिम होगा। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पहले जल्दबाजी में घोषित किए गए संघर्ष विराम के मद्देनजर यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत या पाकिस्तान ने संघर्ष विराम की घोषणा नहीं की थी। भविष्य में इसका क्या मतलब है इसका पूरी तरह से विश्लेषण करने में समय लगेगा। इस बीच, व्हाट्सएप समूहों पर भेजी जा रही कुछ राजनीतिक प्रतिक्रियाओं से बचना चाहिए- एक ने कहा कि 'पूर्ण युद्ध' केवल तभी संभव है जब भाजपा 400 सीटें जीते। आतंकी हमले और युद्ध ऐसे मुद्दे नहीं हैं जिन पर किसी को वोट और संसद में सीट मांगनी चाहिए। यह खतरनाक और अपमानजनक है- यह प्रतिक्रिया अति उत्साही, सहानुभूति रखने वालों और पार्टी के समर्थकों से आती है। ये लोग उस पार्टी को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसका वे समर्थन करना चाहते हैं।

ध्यान दें कि ट्रम्प ने संघर्ष विराम पर बोलते समय भारत और पाकिस्तान को बराबरी का दर्जा दिया। ट्रम्प ने एक ही समय अस्तित्व में आए दो देशों के संबंध में स्वीकृत डी-हाइफनेशन को मिटा दिया। (डी-हाइफनेशन विदेश नीति का एक रूप है जहां एक देश संघर्ष की स्थिति में किसी एक देश को दूसरे पर प्राथमिकता दिए बिना परस्पर विरोधी हितों वाले दो या दो से अधिक देशों के साथ राजनयिक संबंध रखता है)। दोनों देश बहुत अलग रास्तों पर चले हैं- भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में एक आर्थिक महाशक्ति है जबकि पाकिस्तान एक असफल लोकतंत्र के रूप में है जो आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहा है। यह री-हाइफनेशन खेदजनक तस्वीर है क्योंकि यह भारत को बौना बनाता है, भारत को चीन से स्पर्धा करने वाले और शीघ्र ही चीन की बराबरी पर आने वाले देश के रूप में देखे जाने के बजाय संकुचित और सीमित रखता है।

अंत में, पहलगाम में हुई हत्याएं सरकार के उन दावों को खोखला साबित करती हैं कि अनुच्छेद 370 को प्रभावी ढंग से खत्म करने के बाद घाटी में शांति बहाल होगी। वास्तव में कई लोगों ने तब बताया था कि ऐसा होगा लेकिन यह स्थिति स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। अब हम पूछ सकते हैं कि आतंकवादी इतनी आसानी से हमला कैसे करते हैं, सुरक्षा बल कहां थे, खुफिया जानकारी का स्तर क्या है और जब बार-बार ऐसी हत्याएं होती हैं तो जिम्मेदार लोगों को दोषी क्यों नहीं ठहराया जाता। पहलगाम में निर्दोष लोगों के हत्यारे आज भी खुलेआम घूमते हैं।

इस अल्पकालीन युद्ध से सीखने वाले कई सबक हैं लेकिन ये सबक केवल उन लोगों के लिए उपलब्ध होंगे जो खुद को चुनौती दे सकते हैं और कठिन प्रश्न पूछ सकते हैं।

# अपर जिलाधिकारी न्यायिक के स्थानान्तरण पश्चात कलेक्ट्रेट में भव्य विदाई समारोह आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जनपद** में लगभग तीन साल का सफल कार्यकाल निभाने वाले लोकप्रिय अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह का जनपद बलरामपुर स्थानान्तरण के पश्चात आज कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य व शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना करते? हुए कहा कि किसी भी अधिकारी के बारे में उसके कार्य के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व से होती है, जिसे अपर जिलाधिकारी के रूप में तीन साल कार्यकाल में निर्विवाद रहे शिव नारायण सिंह अपने कार्यो एवं व्यक्तिव के कारण जनपद में अच्छी लोकप्रियता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानान्तरण एक सतत प्रक्रिया है परन्तु टीम में अच्छे अधिकारियों के होने से बडे से बडे कार्य/संकट को आसानी से निस्तारण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एडीएम को जो भी कार्य सौंपा गया वह चाहे उनसे सम्बंधित हो या नहीं उन्होंने बखूबी निष्ठा पूर्वक उसे निभाया है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक कार्यो के साथ ही साथ जनपद में अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेख बनाना तथा उसे सभी के साथ टीम भावना से पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कराना इन्हें बखूबी आता है। उन्होंने कुम्भमेला के दौरान यातयात व्यवस्था, लोकसभा व विधान सभा निर्वाचन, बाढ के दौरान किये कार्य, वीआईपी आगमन सहित किये गये कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि आगे अभी बहुत कार्य करना है इसी लगन व मेहनत से कार्य करें ताकि जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति की ओर बढे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह को स्मृति चिन्ह, मोमेटों, अंक वस्त्रम भेट कर आगे के लिये शुभकामनाए दी।अपर जिलाधिकारी (वि/रा ) कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने अपने नम आंखों से कहा कि आज हम केवल एक



एडीएम को नहीं बल्कि अपने भाई को अपने से अलग कर रहे है। इनसे आफिसियल के अलावा पारिवारिक सम्बन्ध भी बना रहा, इनकी कमी सभी को खलेगी परन्तु सरकारी सेवा में रहते हुये प्रदेश के विभिन्न जनपदों/स्थलों पर कार्य करना पडता है, जहां भी जाए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

विदाई समारोह में उप जिलाधिकारी शिव प्रकाश यादव, अरुण गिरी, भान सिंह ,बरखा सिंह , जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष, वरिष्ट सहायक, वरिष्ट लिपिक सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपर जिलाधिकारी को उनके कार्यों की सराहना करते हुये स्मृति चिन्ह प्रदान किया । इस अवसर पर अधिवक्ता संघ, प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया उनकी सराहना की गई। अन्त में अपर जिलाधिकारी शिव नारायण सिंह ने अपने द्वारा किये गये कार्यो के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि जो भी कार्य उनके द्वारा किया गया वह पूर्व सहित वर्तमान जिलाधिकारी शैलेष कुमार के विश्वास व उनके निर्देशन में कार्य कर सके हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदय का आशीर्वाद हमेशा मिला, जिससे कार्य करने के लिये बल मिला। कहा कि कही कोई कार्य गडबड भी होती थी जिलाधिकारी महोदय द्वारा इतनी सरलता से मार्ग दर्शन किया गया कि पता नहीं चला कि हमसे कहीं गलती भी हुई है । उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वी/रा कुंवर वीरेंद्र मौर्य,सभी उपजिलाधिकारी, कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी हमेशा परिवार की तरह साथ दिये जिससे हम अपने कार्य में सफल रहे हैं। उन्होंने अपने साथ चलने वाले स्टाफ की सराहना करते हुये कहा कि रात हो दिन जब भी बुलाया गया है वे उपलब्ध रहते थे। उन्होंने कहा कि जनपद में पत्रकार बन्धुओं के द्वारा काफी सहयोग मिला, विकट परिस्थियों में जहां जरूरत पडी हमारे पत्रकार बन्धुओं ने सहयोग प्रदान किया है जिनके वे आभारी है। उन्होंने कहा कि जहां भी रहेगें जिस किसी को भी हमारी आवश्यता कहीं पडे वे उनके लिय हमेशा खडे मिलेगें। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में नाजिर आशीष श्रीवास्तव के द्वारा शानदार विदाई समारोह आयोजित किया गया।

# तमिलनाडु में बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

**तमिलनाडु** में दो भाषा नीति है- तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफ स्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है।

तमिलनाडु के बच्चे केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और राज्य में सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक सरकार के बीच राजनीतिक टकराव में फंस गये हैं। केंद्र नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत तीन-भाषा फॉमूर्ले को लागू करने पर जोर दे रहा है, और राज्य इसे लागू करने से इंकार कर रहा है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी है जिसमें शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 9 मई, 2025 को कहा था कि न्यायालय किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। फिर भी, तीन-भाषा फामूर्ले के कार्यान्वयन को लागू करने के लिए, केंद्र ने धन जारी करने पर रोक लगा दी है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश में देरी हो रही है। अब, तमिलनाडु ने 2,151 करोड़ रुपये के शिक्षा कोष को रोक रखने के मामले में केंद्र के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है।

तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर एनईपी 2020 और पीएम श्री स्कूल योजना से केन्द्रीय आवंटन जारी करने को जोड़कर संघीय अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। राज्य द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है, 'इस तरह की जबरदस्ती की रणनीति न तो कानूनी रूप से स्वीकार्य है और न ही राज्य के कानून के अनुरूप है, खासकर राज्य द्वारा अपनाये गये दो-भाषा फामूर्ले के आलोक में।'

तमिलनाडु ने 2024-25 के लिए समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) के तहत शिक्षा कोष में 2151 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की है, और साथ में मूल राशि पर 6 प्रतिशत ब्याज की भी। इस प्रकार मुकदमे का कुल दावा 2291.3 करोड़ रुपये है।



तमिलनाडु ने अपनी याचिका में कहा है कि एसएसएस के तहत केंद्र द्वारा अपने 'अनिवार्य हिस्से' को रोके रखने से बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम) का कार्यान्वयन बाधित हुआ है और राज्य में 43.94 लाख से अधिक छात्रों, 2.21 लाख शिक्षकों और 32,701 स्कूल कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हुए हैं।

तमिलनाडु का कहना है कि भारत संघ के शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने फरवरी 2024 की बैठक में एसएसएस के तहत राज्य के लिए 3,585.99 करोड़ रुपये मंजूर किये थे, जिसमें से 2,151.59 करोड़ रुपये 60:40 लागत-साझाकरण फॉमूर्ले के आधार पर केंद्र का हिस्सा था। फिर भी, केंद्र ने एक भी किस्त जारी नहीं की है। राज्य ने आरोप लगाया कि केंद्र ने ऐसा राज्य द्वारा एनईपी 2020 को पूरी तरह से अपनाने और पीएम श्री स्कूल योजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने के कारण किया है।

तमिलनाडु में दो भाषा नीति है- तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफ स्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है।

फिर भी, केंद्र द्वारा एनईपी-2020 को लागू करने के लिए इन कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जो केवल एक नीति और विजन स्टेटमेंट है... जिसमें राज्य पर बाध्यकारी कोई कार्यकारी या विधायी बल नहीं है।

तमिलनाडु द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों को समग्र शिक्षा योजना के तहत धन जारी किया है।

9 मई, 2025 को ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एनईपी 2020 को लागू करने के लिए तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, यह कहते हुए कि अदालत किसी भी राज्य को इसे अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने कहा कि, वे तभी हस्तक्षेप करेंगे जब एनईपी 2020 से संबंधित किसी राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हो। जनहित याचिका तमिलनाडु के एक वकील और भाजपा नेता ने दायर की थी।

कुछ दिन पहले ही 16 मई को तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से एसएसएस के तहत 2151.59 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि जारी करने का आग्रह किया था, जिसमें आरटीई प्रवेश के लिए 617 करोड़ रुपये भी शामिल थे। राज्य में भाजपा की सहयोगी एआईएडीएम के पिछले दो वर्षों से निजी स्कूलों को आरटीइ प्रतिपूर्ति निधि में देरी करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना कर रही है, जिसके कारण इस शैक्षणिक वर्ष में आरटीई प्रवेश में देरी हुई है।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण

**भदोही । जनपद** के समस्थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित थाना समाधान व सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में शनिवार आज को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



शैलेष कुमार जिलाधिकारी भदोही व अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना कौईरौना पर तथा अपर जिला अधिकारी जनपद भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर एवं उप जिलाधिकारी औराई द्वारा थाना औराई पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-97(राजस्व विभाग से सम्बंधित 89 व पुलिस-08) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 08 व राजस्व विभाग से संबंधित 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

## ई रिक्शा चोरी करने वाले 02 चोर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। बृहस्पतिवार** को वादी एजाज अहमद निवासी बाजार सरदार खाँ थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि रात्रि में दरवाजे के पास खड़ी ई-रिक्शा को राजन बिन्द व विजय शंकर बिन्द द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-250/2025 धारा-303(2) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।



अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने व चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक-22.05.2025 को थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर 02 शातिर चोरों 1. राजन बिन्द पुत्र लोलारख बिन्द निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 30 वर्ष 2.विजय शंकर बिन्द पुत्र लोलारख बिन्द निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही को महबूबमोड़ के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तों के निशानदेही पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित चोरी की 01 ई रिक्शा बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।वहीगिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता इस प्रकार है,1.राजन बिन्द पुत्र लोलारख बिन्द निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 30 वर्ष 2.विजय शंकर बिन्द पुत्र लोलारख बिन्द निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही।

# गौशालाओं से अस्पतालों तक विशेष सचिव का रियलिटी चेक, रैपुरा में व्यवस्थाओं की ली परीक्षा

- खामियों पर फूटा गुस्सा, सुधार को दिए कड़े निर्देश
- बिना टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड बेकार

**अखंड भारत संदेश**



गौशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव



रैपुरा सीएचसी का निरीक्षण करते विशेष सचिव

**चित्रकूट।** शासन की योजनाएं कागजों से निकलकर जमीन पर कैसे उतर रही हैं-इसी हकीकत को परखने जिले में पहुंचे विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग धीरेन्द्र सिंह सचान ने मंगलवार को विकासखंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत रैपुरा में संचालित गौशाला से लेकर कई चिकित्सा केंद्रों तक औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पूरी तस्वीर सामने रख दी। एक तरफ जहां गोवंशों की देखरेख पर नजर डाली, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। निरीक्षण में लापरवाहियों पर अफसरों को फटकार भी लगी, और जहां कुछ व्यवस्थाएं बेहतर मिलीं, वहां उन्होंने सराहना करते हुए आगे और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

रैपुरा गौशाला में विशेष सचिव ने साफ-सफाई, भूसा-पानी और शेड की स्थिति देखी और कहा कि बरसात से पहले सभी व्यवस्थाएं पुख्ता करें। निर्देश दिया कि गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हर हाल में हो। इसके बाद निरीक्षण का रुख स्वास्थ्य सेवाओं की ओर मुड़ा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर भौंरी में सीएचओ हिमांशु अग्रवाल से मरीजों की संख्या, दवा स्टॉक, जांच मशीनों और टेली कंसल्टेशन की जानकारी ली। टेली कंसल्टेशन की अधिक फीडिंग पर सवाल खड़े करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया को सटीक आंकड़े मिलान कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। अरवारा केंद्र पर भी ओपीडी की संख्या, डीबीटी फीडिंग, व दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। विशेष सचिव ने निर्देश दिए कि बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल की समुचित व्यवस्था हर केंद्र पर हो, जिस पर बताया गया कि इसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। निरीक्षण की कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा और खोह के 200 सैया अस्पताल का भी दौरा हुआ। यहां अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद टेक्नीशियन की कमी से मशीनें धूल फांक रही थीं। रैपुरा सीएचसी में स्टाफ की भारी कमी सामने आई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष यादव व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर ने बताया कि चिकित्सक और टेक्नीशियन नहीं होने से कई सुविधाएं बाधित हैं। विशेष सचिव ने निर्देश दिया कि सभी अधूरी सुविधाओं की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए ताकि जल्द से जल्द सुधार हो सके। निरीक्षण में मरीजों से चाय-नाश्ता, भोजन, दवाएं और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी विशेष सचिव ने सीधे संवाद किया। जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले लाभों को समय से देने के निर्देश दिए।



नीलामी प्रक्रिया में बैठे बोलीदाता

## ऑपरेशन क्लीन पर बहिलपुरवा थाना में लावारिस मोटरसाइकिलों की हुई नीलामी

**अजय सिंह बने अंतिम बोलीदाता**

**चित्रकूट।** जिले में पुलिस प्रशासन ने ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार, प्रभारी पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में बहिलपुरवा थाना परिसर में खड़ी लावारिस एवं जब्तशुदा मोटरसाइकिलों की नीलामी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही पूरी पारदर्शिता के साथ हुई। एआरटीओ चित्रकूट द्वारा दिनांक 30 अप्रैल को इन पांच वाहनों का मूल्यांकन कराया गया था। एसडीएम मानिकपुर ने तय की गई नीलामी तिथि 24 मई को नियत की थी। नायब तहसीलदार मानिकपुर मनोज कुमार की मौजूदगी में चार इच्छुक बोलीदाताओं के बीच नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। सभी पांच मोटरसाइकिलों के लिए अंततः अजय सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह, निवासी सपहा थाना कोतवाली कर्वी ने 12 हजार की सर्वोच्च बोली लगाकर प्राप्त किया। नियमानुसार दस्तावेजी कार्यवाही पूरी कर उन्हें वाहन सुपुर्द किए गए।

## 9 साल की मासूम से दरिंदगी करने वाला हैवान सलाखों के पीछे

**पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को दबोचा**

**अखंड भारत संदेश**




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**चित्रकूट।** जिले में अपराधियों पर नकेल कसने की अपनी प्रतिबद्धता को साबित करते हुए, प्रभारी एसपी सत्यपाल सिंह के निर्देश में मारकुंडी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

यह दिल दहला देने वाली घटना दिनांक 23 मई की है, जब थाना मारकुंडी क्षेत्र के डोडामाफी की रहने वाली एक महिला ने थाने में अपनी 9 वर्षीय मासूम बेटी के साथ हुई हैवानियत की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने अपनी तहरीर में बताया कि आरोपी अंकित पुत्र उमेश कोल ने न केवल उनकी बेटी के साथ बलात्कार किया, बल्कि विरोध करने पर उसे थप्पड़ों से मारा और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए, थाना मारकुंडी में तत्काल मुकदमा पॉक्सो एक्ट व अन्य उचित धाराओं में मामला पंजीकृत किया। प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्याम प्रताप पटेल ने अपनी टीम के साथ मिलकर आरोपी की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया। पुलिस टीम ने आरोपी अंकित पुत्र उमेश कोल को सतना-मानिकपुर मार्ग से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्याम प्रताप पटेल के नेतृत्व में सिपाही लालू यादव, सूर्यकान्त यादव तथा चालक मुख्य आरक्षी देवीदीन शामिल रहे।

## अवैध असलहे समेत दबोचा गया दीपक उर्फ रितिक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन व दारोगा कैलाश नाथ की अगुवाई में पुलिस टीम ने डिलौरा गांव निवासी दीपक यादव उर्फ रितिक को गिरफ्तार किया है**

**चित्रकूट।** जिले में अपराधियों पर लगाम कसने की मुहिम पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के कुशल निर्देश में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान में कोतवाली कर्वी पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन व दारोगा कैलाश नाथ की अगुवाई में पुलिस टीम ने डिलौरा गांव निवासी दीपक यादव उर्फ रितिक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी, तभी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दीपक को रोका गया। तलाशी में उसके पास से अवैध असलहा मिलने पर तुरंत उसे हिरासत में लिया गया। दीपक के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिस तरह से वह खुलेआम हथियार लेकर घूम रहा था, उससे किसी संभावित अपराधिक वारदात की आशंका भी जताई जा रही है, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता ने बड़ी अनहोनी को टाल दिया। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में दारोगा कैलाश नाथ के साथ सिपाही दुर्गेश कुमार, विवेक कुमार व चालक आरक्षी विपिन कुमार शामिल रहे।

## दैवी आपदा में सरकार बनी सहारा राज्य मंत्री ने दी 4 लाख की राहत

**उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है**

**अखंड भारत संदेश**



अधिकारियों साथ बैठक लेते राज्य मंत्री

**चित्रकूट।** जिले के विकासखंड मऊ के ग्राम पंचायत धुरेहटा की निवासी श्रीमती प्रेमा देवी को आकाशीय बिजली गिरने से पति की हुई आकस्मिक मृत्यु के बाद उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 4 लाख रूपए की सहायता राशि दी गई। यह राहत राशि राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार रामकेश निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दी गई। इस मौके पर उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने योगी सरकार की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासष को दोहराते हुए कहा कि ऐसे क्षणों में शासन की संवेदनशीलता ही जनता के विश्वास का आधार बनती है।

कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, को-ऑपरेटिव बैंक चित्रकूट/बांदा के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, मऊ एसडीएम सौरभ यादव, अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन एसके प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित अन्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## विशेष सचिव व नोडल अधिकारी ने किया रैपुरा पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण

- गुंता बांध बना जीवन रेखा
- 84 ग्रामों को शुद्ध जल का वरदान

**अखंड भारत संदेश**




गुंता बांध पर निरीक्षण को मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले के ग्रामीण अंचलों तक शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने को जल जीवन मिशन पर संचालित योजनाओं का शनिवार को विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा जनपद नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह सचान ने स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने रैपुरा पेयजल समूह योजना के अंतर्गत ग्राम बसावनपुर, अगरहुंड़ा एवं गुंता बांध स्थित इंटेक वेल तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का गहन परीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरूआत ग्राम बसावनपुर से हुई, जहां नोडल अधिकारी ने हर घर जल योजना के अंतर्गत लगाए गए घरेलू नलों का मौके पर सत्यापन किया। उन्होंने जुनैदा खान, भाई बानो, रामशरण, नेहा, माया देवी के घरों में जाकर नल चलवाकर जल की गुणवत्ता देखी व ग्रामवासियों से बातचीत कर पेयजल की शुद्धता के बारे में जानकारी ली। ग्राम अरवारा में भी रमेश, छोटेलाल, राजेश कुमार के घर पेयजल कनेक्शन की स्थिति जाँची। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि वितरण किए जा रहे जल के नियमित सैंपल टेस्ट कराए जाएं ताकि गुणवत्तायुक्त जल की आपूर्ति की जा सके। इसके बाद नोडल अधिकारी ने गुंता बांध में बने इंटेक वेल का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि यहां से तीन लेवल स्टेज के तीन पंपों के माध्यम से पानी को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (अगरहुंडा) तक भेजा जाता है। फिलहाल दो पंप सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। यह परियोजना 58 ग्राम पंचायतों व 84 राजस्व ग्रामों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखती है। निरीक्षण में धीरेन्द्र सिंह सचान ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) उमेश चंद्र निगम, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती, यांत्रिक अधिशासी अभियंता सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिन्हें दुनिया ने भुलाया, सेवा भारती ने उन्हें गले से लगाया

- बुजुर्गों की आंखों में लौटी उम्मीद
- वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**




वृद्धाश्रम में मौजूद सेवा भारती की टीम

**चित्रकूट।** जिले की सामाजिक संस्था सेवा भारती ने एक बार फिर मानवता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मुख्यालय के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के सहयोग से डॉक्टरों की निगरानी में हुआ, जिसमें लगभग 80 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। शुगर, बीपी, आंखों की जांच से लेकर वायरल फीवर, पेट संबंधी समस्याएं, खुजली, खांसी-जुकाम जैसी तमाम व्याधियों की जाँच कर आवश्यकता अनुसार दवाएं वितरित की गईं। साथ ही पेन जेल, मलहम, ओआरएस जैसी सामग्रियों की उपलब्धता भी की गई।

सेवा भारती के जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने बताया कि चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार समय-समय पर दवा का वितरण किया जाता हैं। सेवा भारती डॉक्टरों की सलाह व सुरक्षा दोनों को लेकर अत्यंत सजग है। शिविर में उल्लेखनीय बात यह रही कि नौ वृद्धजनों को आंख के ऑपरेशन को और दो वृद्धों को चश्मा वितरण के लिए चिन्हित किया गया है। संस्था ने स्पष्ट किया है कि जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, इन वृद्धजनों का ऑपरेशन कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल ने कहा कि सेवा भारती निरंतर समाज के उपेक्षित वर्गों के लिए कार्य कर रही है। सेवा भारती के जिला प्रचारक शंकर यादव ने बताया कि संस्था विशुद्ध रूप से गरीबों, वंचितों, दलितों व पिछड़ों की सेवा को समर्पित है। कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक अधिकारी महेंद्रनाथ ने कहा कि इन संगठनों से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवा कार्य में डॉ आशुतोष (आई सर्जन), डॉ रामनारायण (ईएनटी), विनोद कुमार (पीएनओ), संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## गेट तोड़कर भागे भैंस तस्कर काली घाटी में घेरकर दबोचा

**30 भैंस समेत दो गिरफ्तार**

**अखंड भारत संदेश**



मौके पर डीसीएम में लदी भैंसें

**चित्रकूट।** धाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी के एक संगठित प्रयास को विफल कर दिया। कार्रवाई में आरपीएफ ने एक डीसीएम वाहन से अवैध रूप से लादी गई 30 भैंसों को बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त भैंसों की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है।

बताया गया कि आरोपी मध्य प्रदेश के सतना जिले से भैंसे लेकर रवाना हुए थे व मानिकपुर के ओहन रेलवे स्टेशन पर रेलवे गेट को तोड़कर फरार हो गए। आरपीएफ को जैसे ही इसकी सूचना मिली, तुरन्त क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया गया और काली घाटी के पास घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया गयङ्ग इस सनसनीखेज घटना में रेल मार्ग पर आवागमन एक घंटे तक ठप रहा, जिससे कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। हालांकि आरपीएफ की त्वरित व साहसिक कार्रवाई के चलते न केवल आरोपी पकड़ लिए गए, बल्कि एक बड़ी पशु तस्करी की साजिश पर भी पानी फिर गया। फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा पूरे मामले की रिपोर्ट संबंधित उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, और मानिकपुर स्टेशन पर हुए गेट क्षति की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## महिलाओं की आवाज बनेगा कर्वी गेस्ट हाउस, 28 मई को होगी जनसुनवाई

**चित्रकूट।** जिले में 28 मई को सुबह 11 बजे से कर्वी स्थित राजकीय गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा इस जनसुनवाई की अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा के साथ-साथ उन महिलाओं की समस्याएं भी सुनी जाएंगी जो केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित हैं। इसमें प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशों पर सरकारी स्कूलों में लगा समर कैंप

**21 मई से 10 जून तक चलेगा कैंप**

**अखंड भारत संदेश**



समर कैंप में टीचर से बात करते बच्चे

**पहाड़ी/चित्रकूट।** भीषण गर्मी के बीच जब अधिकतर बच्चे घरों में कैद हैं, तब शिक्षा विभाग की पहल समर कैंप- सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए सीखने और मुस्कुराने का कारण बन रही है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के निर्देश पर और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की देखरेख में जनपद के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में यह समर कैंप 21 मई से 10 जून तक चलाया जा रहा है। कैंप में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन तीन घंटे भाग ले रहे हैं और शैक्षिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखार रहे हैं।

बताया गया कि समर कैंप के चौथे दिन खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने क्षेत्र के कई विद्यालयों- जैसे बेराउर, रम्पुरिया अव्वल, चकौंध, इटौरा, बाबूपुर, अरछा, बरेठी, और लक्ष्मीपुर- का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बच्चों द्वारा योग, खेलकूद, चित्रकला, कहानी लेखन और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए देखा गया। राजेश कुमार ने बच्चों और अभिभावकों से बातचीत कर समर कैंप से जुड़ी जानकारियां साझा कीं और जिन विद्यालयों में खामियां पाई गईं, उन्हें तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। समर कैंप बच्चों को कला, संगीत, खेल, टीम भावना, रचनात्मकता, आत्म-अनुशासन और नेतृत्व जैसे कौशल सिखा रहे हैं।

## हार्वर्ड के विदेशी छात्रों को बड़ी राहत, अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन के आदेश पर लगाई रोक



**वाशिंगटन। अमेरिका** के मैसाचुसेट्स प्रांत में एक जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी, जिसमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के दरवाजे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए बंद कर दिए गए थे।

अदालत का यह फैसला होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) द्वारा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की एसईवीआईएस सिस्टम (स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम) का उपयोग करने की अनुमति रद्द करने के एक दिन बाद आया। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आइवी लीग स्कूल पर हमले को और तेज करने का हिस्सा था।

डीएचएस के फैसले में कहा गया था कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे विदेशी छात्रों को किसी अन्य कॉलेज में स्थानांतरित होना होगा, अन्यथा उनका दर्जा समाप्त हो जाएगा। ऐसा अनुमान है कि हार्वर्ड में 780 भारतीय छात्र और स्कॉलर हैं।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार सुबह अदालत में दायर एक मुकदमे में कहा, "सरकार ने एक हस्ताक्षर के साथ हार्वर्ड के लगभग एक-चौथाई छात्रों, यानी विदेशी छात्रों को हटाने की कोशिश की है, जो यूनिवर्सिटी और इसके मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के बिना हार्वर्ड, हार्वर्ड नहीं है।"

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एलन एम. गार्बर ने कॉलेज को लिखे एक पत्र में कहा कि हम इस गैरकानूनी और अनुचित कार्रवाई की निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह कदम हार्वर्ड के हजारों छात्रों और स्कॉलर के भविष्य को खतरे में डालता है। देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए अमेरिका आए अनगिनत अन्य लोगों के लिए एक चेतावनी है।"

ट्रंप प्रशासन ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों और यहूदी छात्रों पर हमलों से निपटने में विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण विश्वविद्यालय के सभी वित्तपोषण को निलंबित कर दिया है तथा इसकी कर-मुक्त स्थिति को रद्द करने की मांग की है।

ट्रंप ने कोलंबिया विश्वविद्यालय जैसे अन्य प्रमुख कॉलेजों के खिलाफ भी कदम उठाया है।

डीएचएस ने हार्वर्ड से उसके 13 स्कूलों के सात हजार विदेशी छात्रों के बारे में जानकारी मांगी थी, जो प्रस्तुत कर दी गई।

# हार्वर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर प्रतिबंध को लेकर ट्रंप प्रशासन पर दायर किया मुकदमा

**वाशिंगटन। हार्वर्ड** विश्वविद्यालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर दूसरी बार मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा ऐसे समय में किया गया है जब एक दिन पहले ही गृह सुरक्षा विभाग ने कहा था कि वह प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन से रोक देगा।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन गार्बर ने शुक्रवार को हार्वर्ड समुदाय के सदस्यों को लिखे एक पत्र में कहा, 'यह निरस्तीकरण हार्वर्ड के खिलाफ हमारे द्वारा अपनी अकादमिक स्वतंत्रता को त्यागने से इनकार करने तथा हमारे पाठ्यक्रम, हमारे संकाय और हमारे छात्र निकाय पर संघीय सरकार के अवैध नियंत्रण के आगे झुकने के लिए सरकार की जवाबी कार्रवाई की श्रृंखला को आगे बढ़ाता है।"

गार्बर ने कहा, "हम इस गैरकानूनी और अनुचित कार्रवाई की निंदा करते हैं। यह हार्वर्ड के हजारों छात्रों और विद्वानों के भविष्य को खतरे में डालता है और देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले उन अनगिनत लोगों के लिए चेतावनी है जो अपनी शिक्षा प्राप्त करने और अपने सपने पूरे करने के लिए अमेरिका आए हैं।"

हार्वर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अभी शिकायत दर्ज की है और एक अस्थायी निरोधक आदेश के लिए प्रस्ताव भी दायर किया जाएगा। उन्होंने कहा, "जब हम कानूनी उपायों की तलाश करेंगे, तो हम अपने छात्रों और विद्वानों का समर्थन करने के लिए अपनी पूरी शक्ति से काम करेंगे।"

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार को इस निर्णय की घोषणा की।

नोएम ने एक बयान में कहा, "इसे देश भर के सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को



नामांकित करना एक विशेषाधिकार है अधिकार नहीं और हार्वर्ड द्वारा संघीय कानून का पालन करने में बार-बार विफल रहने के कारण यह विशेषाधिकार रद्द कर दिया गया है।"

सचिव ने कहा कि भावी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन पर रोक लगाने के अलावा, "मौजूदा विदेशी छात्रों को स्थानांतरित होना होगा, अन्यथा उन्हें अपना कानूनी दर्जा खोना होगा।"

11 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने हार्वर्ड को एक पत्र भेजा, जिसमें मांग की गई कि विश्वविद्यालय सार्थक प्रशासनिक सुधार और पुनर्गठन करे।

प्रशासन की मुख्य मांगों में परिसर में यहूदी विरोधी भावना को समाप्त करना तथा कुछ अल्पसंख्यक समूहों को लाभ पहुंचाने वाली विविधता पहलों को समाप्त करना शामिल है।

14 अप्रैल को हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अपने प्रशासन, नियुक्ति और प्रवेश प्रक्रियाओं में व्यापक परिवर्तन करने की ट्रंप प्रशासन की मांग को अस्वीकार कर दिया। इसके कुछ ही घंटों बाद, ट्रंप प्रशासन ने विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बहु-वर्षीय अनुदान और 60 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बहु-वर्षीय अनुबंध मूल्य पर रोक लगाने की घोषणा की।

16 अप्रैल को नोएम ने मांग की कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय 30 अप्रैल तक विदेशी छात्र वीजा धारकों की अवैध और हिंसक गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करे, अन्यथा उसे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने का अधिकार खोने का जोखिम उठाना पड़ेगा।

## अंदर से कैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है पाकिस्तान

**पाकिस्तान**

**भारत** के साथ कश्मीर को लेकर पाकिस्तान का विवाद तो दशकों से चल ही रहा है, लेकिन वह आंतरिक तौर पर भी कई चुनौतियों से जूझ रहा है. खासकर बलूचिस्तान में बराबर आजादी की मांग उठती रही है.

पाकिस्तान की सीमाएं जितनी जटिल नजर आती हैं, उससे कहीं अधिक जटिल हैं. देश के भीतर और बाहर पनपता संघर्ष पाकिस्तान को लगातार समस्या में डालता रहता है. बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर जैसे संसाधन-सम्पन्न प्रांत हाशिए पर हैं और



पंजाब जैसे प्रांत सत्ता का केंद्र बने हुए हैं. इस तरह का असंतुलन पाकिस्तान में अशांति पैदा करता है. मार्च में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने बलूचिस्तान के क्वेटा शहर का दौरा किया था. यह दौरा जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के हाईजैक की घटना के बाद हुआ था. जरदारी अपने बेटे और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष, बिलावल भुट्टो के साथ बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगटी से मिले और सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की. अरब न्यूज में छपी खबर के अनुसार राष्ट्रपति जरदारी ने कहा, ‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌‌ॢआतंकवादियों को हर हाल में हराया जाएगा और राज्य की सत्ता को बहाल किया जाएगा.ॢ

पहलगाम हमले के एक महीने बाद भी नाजुक हैं हालात

हाल ही में 21 मई को बलूचिस्तान के खुजदर जिले में एक स्कूल बस को बारूद से भरे वाहन से निशाना बनाए जाने की घटना में कम से कम पांच लोगों की जान गई, जिनमें तीन बच्चे थे. पाकिस्तान ने इस हमले में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि वह इसके सबूत अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के सामने पेश करेंगे।

## हम भूख से मर जाएंगे, हमारे ऊपर लटके पानी के बम को निष्क्रिय करना होगा : पाक सीनेटर



**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के एक अन्य राजनेता ने शुक्रवार को शहबाज शरीफ सरकार से देश पर मंडरा रहे 'पानी बम' को 'निष्क्रिय' करने की अपील की। यह 'पानी बम' भारत द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के बाद देश पर मंडरा रहा है। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। पाकिस्तान के सीनेटर सैयद अली जफर ने शुक्रवार को सीनेट सत्र के दौरान अपने भाषण में कहा, "अगर हम अभी जल संकट का समाधान नहीं करते हैं तो हम भूख से मर जाएंगे। सिंधु बेसिन हमारी जीवन रेखा है क्योंकि हमारे पानी का तीन-चौथाई हिस्सा देश के बाहर से आता है, 10 में से नौ लोग अपने जीवन के लिए सिंधु जल बेसिन पर निर्भर हैं, हमारी 90 प्रतिशत फसलें इसी पानी पर निर्भर हैं और हमारी सभी बिजली परियोजनाएं और बांध इसी पर बने हैं। यह हमारे ऊपर लटके पानी के बम की तरह है और हमें इसे निष्क्रिय करना होगा।"

दरअसल, सिंधु जल संधि, जिस पर 1960 में हस्ताक्षर किए गए थे, भारत-पाकिस्तान के बीच छह नदियों, सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज, के पानी के बंटवारे को नियंत्रित करती है। पिछले कुछ हफ्तों से पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) और देश के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के धमकी भरे और निराधार बयान के बाद, बौखलाया इस्लामाबाद, नई दिल्ली से संधि को स्थगित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर रहा है। हालांकि, अपने राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषाधिकार का हवाला देते हुए, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर : सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर का दौरा किया

**अबू धाबी। ऑपरेशन** सिंदूर ग्लोबल आउटरीच के तहत सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के विभिन्न देशों के दौरे में, शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यूएई यात्रा के दौरान अबू धाबी के विश्व प्रसिद्ध बी.ए.पी.एस हिंदू मंदिर की यात्रा की।

इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा, और एस.एस. अहलूवालिया; बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा; आईयूएमएल सांसद ई.टी. मोहम्मद बशीर; और सुजन चिनॉय (जापान में राजदूत) शामिल थे।

मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता और आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधिमंडल



गहरा प्रभावित हुआ, विशेष रूप से मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। प्रतिनिधिमंडल का मंदिर में भारत के यूएई राजदूत संजय सुधीर और मंदिर के चेयरमैन अशोक कोटेचा द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया।

शांति, एकता और साझा मूल्यों के शाश्वत स्थल, इस मंदिर के निर्माण के लिए प्रतिनिधिमंडल ने बी.ए.पी.एस संस्था के प्रयासों, भारत और यूएई के नेतृत्व की सराहना की।

बीएपीएस हिंदू मंदिर ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा की जानकारी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी दी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के आगमन की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, "ऑपरेशन सिंदूर ग्लोबल आउटरीच के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का दौरा किया और प्रार्थना की। प्रतिनिधिमंडल में बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा, एसएस अहलूवालिया, सस्मित पात्रा, ईटी मोहम्मद बशीर और सुजान चिनॉय शामिल थे।"

बीएपीएस हिंदू मंदिर पारंपरिक भारतीय वास्तुकला और आधुनिक स्थिरता प्रथाओं का एक अद्भुत संगम, अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर शांति, मित्रता और विश्वास का प्रतीक है। यह सभी पृष्ठभूमि के लोगों के लिए खुला है और भारत और यूएई के बीच सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करते हुए एकता और करुणा को प्रेरित करता है।

इसी वर्ष फरवरी में बीएपीएस हिंदू मंदिर ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाई थी। इस आयोजन में यूएई के नेतृत्व, समुदाय के नेताओं और हजारों भक्तों की उपस्थिति ने एकता, सेवा और आध्यात्मिक उत्थान के वर्ष को दशार्या गया था।

## यूरेनियम संवर्धन पर फंसी अमेरिका ईरान की बातचीत

**अमेरिका**

**अमेरिका** चाहता है कि ईरान यूरेनियम बिल्कुल भी संवर्धित न करें. तेहरान इसके लिए राजी नहीं है. जानिए यूरेनियम संवर्धन के नजरिए से इस बातचीत को.

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने यह शर्त रखी है कि अगर ईरान आर्थिक प्रतिबंधों में ढील देखना चाहता है तो उसे हर तरह का यूरेनियम संवर्धन को बंद करना होगा. इटली की राजधानी रोम में दोनों पक्षों की पांचवें राउंड की बातचीत से ठीक पहले शुक्रवार को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागाची ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, "डील तक पहुंचने का रास्ता ढूंढना कोई रॉकेट साइंस नहीं है."

ईरानी विदेश मंत्री ने साफ किया कि यूरेनियम संवर्धन पर पूरी रोक का मतलब होगा, "कोई डील नहीं."

ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम पर तेहरान और वॉशिंगटन के बीच जारी इस बातचीत में अमेरिकी पक्ष की अगुवाई स्टीव विटकॉफ और माइकल एंटन कर रहे हैं. विटकॉफ, ट्रंप प्रशासन में मध्य पूर्व के दूत हैं, वह कतर की राजशाही के बेहद करीबी माने जाते हैं. एंटन विदेश मंत्रालय में पॉलिसी प्लानिंग के निदेशक हैं.

हमले की धमकी के बाद बातचीत रोम वाताओं में ओमान के विदेश मंत्री बदर अल बुसैयदी मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं. वॉशिंगटन और तेहरान, दोनों ओमान को तटस्थ मानते हैं और उस पर भरोसा जता चुके हैं.

1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ही वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कट्टर शत्रुता है।

## जापान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को अटूट समर्थन की पुष्टि की

**टोक्यो। जनता** दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को टोक्यो में जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के वैश्विक आउटरीच अभियान के तहत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के भारत के दृढ़ रुख से सांसदों ने जापान को अवगत कराया। वार्ता के दौरान, जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग की अध्यक्ष यासुतोशी निशिमुरा के नेतृत्व में जापानी पक्ष ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के संकल्प का पूरी तरह से समर्थन करने का संकल्प लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा के साथ भी बैठक की, जिसमें नुकागा की हाल की भारत यात्रा की गति जारी रही।



इस दौरान उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए जापान के अटूट समर्थन की बात कही।

जापान में भारतीय दूतावास ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, "भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से मुलाकात की। यह मुलाकात नुकागा की हाल की भारत यात्रा की गति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए जापान का पूरा समर्थन व्यक्त किया।"

इससे पहले, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के पूर्व रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो के महानिदेशक शिनाको त्सुचिया के साथ भी एक उपयोगी बातचीत की, जिसमें आतंकवाद के हर रूप से लड़ने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के आतंकवाद-रोधी अनुसंधान समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष और पूर्व न्याय मंत्री यासुहिरो हनाशी से भी मुलाकात की, जिसमें आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत के एकीकृत और दृढ़ रुख पर प्रकाश डाला गया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## हैम्बर्ग रेलवे स्टेशन पर चाकू से हमला, 17 लोग घायल

जर्मनी के हैम्बर्ग में एक महिला ने चाकू से हमला कर 17 लोगों को घायल कर दिया. घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

शुक्रवार शाम जर्मनी के सबसे व्यस्त हैम्बर्ग सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर हुए चाकूबाजी हमले ने पूरे देश को हिला दिया. इस हमले में कुल 17 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बनी हुई है. जर्मन पुलिस ने बताया कि हमले के तुरंत बाद 39 वर्षीय एक महिला को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया.

यह हमला शाम करीब 6 बजे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 13 और 14 के बीच हुआ, जब बड़ी संख्या में यात्री अपनी ट्रेनों का इंतजार कर रहे थे. पुलिस के अनुसार, महिला ने यात्रियों पर अंधाधुंध चाकू से वार किए. घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस और आपातकालीन सेवाएं पहुंच गईं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया.

गिरफ्तार हमलावर मानसिक तनाव में थी?

पुलिस प्रवक्ता फ्लोरियान एबनसेथ ने बताया कि प्राथमिक जांच में किसी राजनीतिक या आतंकवादी साजिश के संकेत नहीं मिले हैं. उन्होंने कहा, "हमारे पास कुछ संकेत हैं जो बताते हैं कि हमलावर मानसिक तनाव की स्थिति में हो सकती है." उन्होंने यह भी बताया कि महिला ने गिरफ्तारी में कोई विरोध नहीं किया और हमले में इस्तेमाल चाकू को भी जब्त कर लिया गया है.

अक्टूबर 2023 से ही हैम्बर्ग स्टेशन और




स्थानीय परिवहन नेटवर्क पर चाकू ले जाने पर प्रतिबंध लागू है. इसके बावजूद इस तरह का हमला होना, सुरक्षा उपायों पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

जर्मन चांसलर फ्रीडरिष मैर्त्स ने हैम्बर्ग के मेयर पीटर चेंटशर को फोन कर घटना पर दुख जताया और संघीय सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया. मैर्त्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, "हैम्बर्ग से आई खबरें चौंकाने वाली हैं. मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं."

स्टेशन का संचालन प्रभावित

हमले के बाद स्टेशन के चार ट्रैक अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए. हालांकि, रात भर में पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जमा कर लिए और ट्रैक दोबारा खोल दिए गए. जर्मन रेलवे ऑपरेटर डॉयचे बान ने एक बयान में कहा, "हम इस हमले से बहुत दुखी हैं. हमारी संवेदनाएं घायलों और उनके परिवारों के साथ हैं."

हैम्बर्ग के मेयर चेंटशर ने भी हमले को "चौंकाने वाला" बताया और पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की. उन्होंने लिखा, "हमलावर हिरासत में है. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं."

जर्मनी के गृह मंत्री अलेक्जेंडर डोब्रिंड्ट ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे "कायरतापूर्ण हमला" बताया. उन्होंने कहा, "ऐसे हमले हमारे समाज की शांति को खतरे में डालते हैं. मैं सभी पुलिसकर्मियों और आपातकर्मियों को उनके साहस और तत्परता के लिए धन्यवाद देता हूं."

पुलिस ने इस घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की है. कई प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है. साथ ही सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल सबूतों को भी खंगाला जा रहा है।